
हरियाणा सरकार
"भारत ने नारा नहीं, निष्ठा के साथ women led development की ओर कदम बढ़ाए हैं और महिला सशक्तिकरण का लाभ आज हर क्षेत्र में दिख रहा है जो भारत की विकास यात्रा में योगदान दे रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी
सशक्त नारी शक्ति, विकसित भारत
एल.आई.सी.
की
बीमा सखी योजना
का
शुभारंभ
तथा
महाराणा प्रताप
उद्यान विश्वविद्यालय
के मुख्य कैंपस, उचानी
का
शिलान्यास
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
अध्यक्षता
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
बीमा सखी योजना से सशक्तिकरण
न्यूनतम 18 वर्ष और दसवीं पास महिलाएं एल.आई.सी. की नजदीकी शाखा या पोर्टल www.licindia.in पर विज़िट कर बीमा सखी योजना से जुड़ सकेंगी
महिलाएं पा सकेंगी पहले साल 7 हजार, दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल 5 हजार रुपये मासिक वेतन
DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण
दिनांक - 9 दिसम्बर, 2024 | समय - दोपहर 2 बजे
स्थान - पानीपत
डबल इंजन सरकार, विकास को रफ्तार
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# 60 करोड़ के लालच में हैवानियत, दो भाइयों ने यूट्यूब से सीखा तंत्र-मंत्र और काट दिया युवक का सिर

**वीभत्स**

- गाजियाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र में सिर कटा धड़ मिलने का मामला
- पुलिस ने मुख्य आरोपित दो तांत्रिक को दो अन्य साथियों संग किया गिरफ्तार
- नाले में फेंकी युवक राजू की खोपड़ी और एक जानवर की खोपड़ी बरामद





**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में दिल्ली के ताहिरपुर में युवक राजू की 22 जून को हत्या कर सिर काटकर धड़ फेंकने के मामले में फरार 25 हजार के इनामी दो तांत्रिक समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिर काटकर तंत्र विद्या करने से 60 करोड़ रुपये मिलते। इससे वह जल्द अमीर बन जाते। इसलिए हत्या कर सिर धड़ से अलग कर दिया था।

**दो आरोपी पहले ही पहुंच चुके हैं जेल:** पुलिस पूर्व में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन ने बताया कि पकड़े गए आरोपित 25 हजार रुपये का इनामी बिहार राज्य के मोतिहारी का विकास उर्फ परमात्मा, दिल्ली के नंद नगरी का नरेन्द्र उर्फ एनडी, सगे भाई तांत्रिक दिल्ली के आदर्श नगर के पवन कुमार व पंकज हैं।

**ई-रिक्शा चलाता था 25 हजार इनामी विकास:** पुलिस पूछताछ में 25 हजार रुपये के इनामी विकास उर्फ परमात्मा ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता था। उसकी मुलाकात प्रतिदिन आने-जाने वाले दिल्ली के नंदनगरी के नरेन्द्र से हुई थी। नरेन्द्र दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में लिफ्ट चलाता था। नरेन्द्र उर्फ एनडी ने कहा कि तुम्हें काफी रुपये कमवा देगा। इसके लिए एक मानव खोपड़ी का इंतजाम करना है।

**जल्दी अमीर होने के लालच में आ गया विकास:** उस खोपड़ी से उसका दोस्त तांत्रिक पवन कुमार व उसका भाई पकंज तंत्र विद्या करेंगे। उससे करीब 60 करोड़ रुपये कमाई होगी। जल्दी अमीर हो जाएंगे। वह रुपये के लालच में आ गया। अपने साथ कमरे में रहने वाले धनन्जय व विकास प्रजापति से व्यक्ति की तलाश करने को कहा। उन्होंने दिल्ली के हमदर्द चौराहे से बिहार निवासी राजू कुमार की तलाश की। उसे नशा कराया।

**छुरी से खोपड़ी को छीला और निकाल ली आंख...:** 21 जून की रात को नशा कराने के बाद गले में गमछे से फंदा लगाकर पंखे पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी। शव छिपाने के लिए विकास उर्फ मोटा के ऑटो में रखकर पंचशील कॉलोनी टीला मोड़ के जंगल में ले गए। वहां राजू कुमार की सिर काटकर कमरे पर ले आए थे।

**मेट्रो स्टेशन के पास नाले में फेंकी थी खोपड़ी:** छुरी से खोपड़ी को छीला और आंख निकाल ली। फिर खोपड़ी को ले जाकर चारों ने तांत्रिक पवन व पकंज को दे दिया था। पुलिस ने धनंजय और विकास उर्फ मोटा को पकड़कर जेल भेज दिया था।

**दोनों भाइयों ने यूट्यूब से सीखा तंत्र-मंत्र करना :** तांत्रिक ने पुलिस को बताया कि मानव खोपड़ी मिलने के बाद वह और उनका भाई पंकज तंत्र विद्या करने लगे।

जब हमें यह पता चला कि विकास उर्फ परमात्मा को पुलिस ने पकड़ लिया है तो उन्होंने खोपड़ी को मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास वाले नाले में पत्थर से बांध कर डूबो दिया था। दोनों भाइयों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर तंत्र-मंत्र करना सीखा था।

# किसान नेताओं को रिहा करने की मांग को लेकर गिरफ्तारी देने का सिलसिला जारी

**अरेस्ट**

- परी चौक पर पहुंचे करीब 20 महिला और किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** किसान आंदोलन के तहत दिल्ली कूच करने के लिए परी चौक पर पहुंचे करीब 20 महिला और किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रदर्शनकारी जेल गए किसान नेताओं को रिहा कराने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा। जेल गए किसान नेताओं को रिहा करने, 10 फीसदी भूखंड देने, नए जमीन अधिग्रहण कानून को लागू करने समेत मांगों को लेकर रविवार को पांचवें दिन भी महिला और किसानों का गिरफ्तारी देने का सिलसिला जारी रहा। किसानों की दिल्ली कूच करने और गिरफ्तारी देने के कार्यक्रम को लेकर सवेरे से ही परी चौक, यमुना एक्सप्रेस वे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ था। ग्रेटर नोएडा के परी चौक आने वाले सभी रास्तों पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही थी। मैट्रो स्टेशनों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर चल रहे आंदोलन के सहयोगी संगठन भारतीय किसान परिषद की टोपी लगाए करीब आठ-दस किसानों के साथ महिलाएं नारेबाजी करते हुए तुगलपुर मैट्रो स्टेशन से उतरकर परी चौक पर पहुंचे। नारेबाजी करते हुए किसान और महिलाओं को स्टेशन से 50 मीटर की दूरी पर ही पुलिस ने रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के दौरान चल रही अनियमितताएं को दूर करने के लिए किसान लंबे समय से आंदोलन करते रहे है। लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। किसानों की मांगों को पूरा नहीं करने पर दो दिसंबर से दिल्ली कूच के कार्यक्रम के तहत ही किसान नेताओं को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। तब से ही किसान लगातार गिरफ्तारी दे रहे है। जब तक उनके नेताओं को रिहा नहीं किया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा।

# चोरी से नौ गुना अधिक हो रही साइबर ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में चोरी से आठ-नौ गुना तेजी से साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। ठग पर्दे के पीछे छिप कर कहीं से भी साइबर ठगी कर रहे हैं। साइबर क्राइम थाना पुलिस ठगों को खाता देने वाले और ठगी में शामिल ठगों को जरूर दबोच रही है। हर माह 10-12 साइबर ठग पकड़े भी जा रहे हैं लेकिन डिजिटल अरेस्ट और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले सरगना की पहचान और उन्हें पकड़ना पुलिस के अभी भी यक्ष प्रश्न बना हुआ है। साइबर अपराधी कौन हैं और कैसे दिखते हैं? इसकी सटीक जानकारी अभी गौतमबुद्ध नगर पुलिस के पास नहीं है लेकिन हर दिन हो रही साइबर ठगी की घटनाओं से अनुमान लगाया जा सकता है कि साइबर ठगों के नेटवर्क की पहुंच हर डिजिटल रूप से समृद्ध आम आदमी तक है। इसका कारण इंटरनेट मीडिया के युग में लोगों की अधिकांश जानकारी सार्वजनिक होना है।

# बांग्लादेश सरकार का घेराव करेंगे पांच लाख नागा बाबाः महंत आदित्यकृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** हिंदुओं पर हमले के विरोध में रविवार को श्री सनातन धर्म रक्षा समिति के बैनर तले रविवार को नोएडा हाट में संतों ने बांग्लादेश की यूनुस सरकार को कड़ी चेतावनी दी। महंत आदित्य कृष्णागिरी ने कहा कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की घटना नहीं रुकी तो भारत से बहुत जल्द पांच लाख नागा साधु बाबाओं के साथ बांग्लादेशी हुकूमत का घेराव करेंगे। विराट धरना प्रदर्शन में अतिथि और तमाम वक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम डीसीपी पुलिस लाइन यमुना प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है।

**हिंदुओं पर आत्याचार, मंदिरों पर हमलाः** महंत आदित्य कृष्णागिरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना के बाद कट्टरपंथी विचारधारा रखने वालों के द्वारा हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार, हत्या, बलात्कार और आगजनी की घटनाएं की जा रही हैं। हिंदुओं के मंदिरों पर हमला और पुजारी को अनैतिक तरीके से गिरफ्तार किया गया है।



**कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने में असमर्थः** बांग्लादेश की सरकार और एजेंसियां कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने में असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू और अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संत चिन्मय कृष्णदास को भी अनैतिक तरीके से गिरफ्तार किया गया। सिर्फ इतना ही नहीं, इस्कॉन मंदिरों पर भी हमले और लूटपाट जैसी घटनाएं की गईं।

**पाकिस्तान और चीन की बताया साजिशः** उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटना नहीं रोकी गई तो भारत से पांच लाख नागा साधुओं के साथ बांग्लादेश सरकार का घेराव किया जाएगा। ब्रिगेडियर संजय अग्रवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हो रही घटना के पीछे पाकिस्तान और चीन की साजिश है। इसमें कोई शक नहीं है कि पाकिस्तान हिंदुओं पर हमले के लिए लंबे समय से योजना बना रहा था।

दुश्मन से किस भाषा में बात करनी है, हमें पता है उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि भारत को अपने सामने खड़े दुश्मनों से किस भाषा में बात करनी है यह हमें अच्छी तरह से पता है। उन्होंने बांग्लादेश में हो रही घटना का कारण और उसके निदान के बारे में भी लोगों को बताया। इस्कॉन मंदिर नोएडा से पदाधिकारी बुद्धिमता ने कहा कि बांग्लादेश की घटना अत्यंत दुखद है। इसका समाधान सिर्फ भगवान कृष्ण के नाम का जाप करने से होगा। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पास यदि बांसुरी थी तो युद्ध जीतने के लिए वह सुदर्शन चक्र भी रखते थे। उन्होंने धरना प्रदर्शन में आए लोगों से अपील की कि हर समय हरे कृष्ण हरे कृष्ण- कृष्ण कृष्ण हरे हरे नाम का जाप किया जाए।

# नोएडा में बनेगा लिंक एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट से होगी गंगा एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रमुख सड़कों से बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। इसी क्रम में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी के लिए लिंक एक्सप्रेसवे का एलाइन्मेंट जल्द फाइनल होगा। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) और यमुना प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों के बीच लिंक एक्सप्रेसवे के एलाइन्मेंट को लेकर दो दौर की वार्ता चुकी है।

**बैठक में लगेगी लिंक एक्सप्रेसवे पर अंतिम मुहर**

लिंक एक्सप्रेसवे को फिल्म सिटी के नजदीक यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर सहमति बनी है। इस पर अंतिम निर्णय यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह की बैठक में होगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए इसे यमुना एक्सप्रेसवे के अतिरिक्त दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से लिंक एक्सप्रेसवे बनाकर जोड़ा जा रहा है।

**यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा गया**



**नोएडा एयरपोर्ट**

लिंक एक्सप्रेसवे का काम मार्च तक पूरा होने की संभावना है। इसे यमुना एक्सप्रेसवे व नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए यूपीडा ने लिंक एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव तैयार किया था।

**एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का एलाइन्मेंट जल्द**

सर्वे के बाद तैयार एलाइन्मेंट के तहत इसे एयरपोर्ट के नजदीक यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने की योजना थी, लेकिन यह क्षेत्र एमआरओ के लिए आरक्षित होने के कारण प्राधिकरण ने यूपीडा को एलाइन्मेंट में बदलाव के लिए पत्र लिखने के साथ विकल्प सुझाए थे। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि लिंक एक्सप्रेसवे का नया एलाइन्मेंट किया गया है।

**130 मीटर रोड से भी जुड़ेगा लिंक एक्सप्रेसवे**

यीपीडा सीईओ व यीडा सीईओ की बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। नए एलाइन्मेंट के तहत सेक्टर 21 में फिल्म सिटी के नजदीक 130 मीटर रोड से जोड़ा जाएगा। इसके जरिये लिंक एक्सप्रेसवे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में इसकी लंबाई तकरीबन 20 किमी होगी।

**लिंक एक्सप्रेसवे से किसे मिलेगा फायदा ?**

लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे के 44 किमी प्वाइंट से शुरू होगा। यह बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर के 68 गांवों से होकर गुजरेगा।

# ससुराल पहुंचते ही कथावाचक पति ने पत्नी से कर दी ऐसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रबूपुराः** दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर कथावाचक ने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। स्वजन ने समझाने का प्रयास किया तो जान से मारने धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह के मुताबिक, कस्बा जहांगीरपुर निवासी मधु प्रिया ने दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 23 अप्रैल 2024 को रबूपुरा भाईपुर ब्राह्मन गांव निवासी कथावाचक धर्मेंद्र वत्स के साथ हुई थी। स्वजन ने शादी के समय दान दहेज में तय सभी शर्तों को पूरा किया था। इसके बाद भी ससुराल पहुंचते ही पति व उनके स्वजन 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। मायके वालों ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो पति समेत अन्य मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।

# दो बाइक और कैंटर आपस में टकराए, पिता और बेटे की हुई मौत, तीन अन्य घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ :** हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में कुचेसर बीबी नगर रोड पर शनिवार देर रात अचानक नील गाय सामने आने पर दो बाइक और कैंटर आपस में टकरा गए। हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई। जबकि महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए। हादसे में नील गाय की भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात करीब 11 बजे बनखंडा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक और कैंटर नील गाय से टकरा गए। हादसे में बाइकों पर सवार महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचा और घायलों को सिखेड़ा सीएचसी भेज दिया।



उपचार के दौरान ग्राम बाहपुर जनपद बुलंदशहर निवासी पिता राजू (50) और नैतिक (18) की मौत हो गई। जबकि राजू की पुत्री मानसी की हालत गंभीर बनी हुई है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



किसानों की मांग को लेकर किसान नेता मीडिया को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 338 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# किसानों का दिल्ली मार्च थमा

- किसानों को शांत रखने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गोले दागने से पहले फूलों की वर्षा की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 101 किसानों का जत्था ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर रविवार को दोपहर 12 बजे के बाद दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर से शुरू किया। हालांकि, कुछ मीटर चलने के बाद उन्हें हरियाणा पुलिस ने बैरिकेडिंग पर रोक दिया। हरियाणा पुलिस ने किसानों से पैदल मार्च निकालने के लिए अनुमति दिखाने को कहा। हरियाणा पुलिस ने पहले किसानों से आगे नहीं बढ़ने को कहा था और अंबाला प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत लगाए गए निषेधाज्ञा का हवाला दिया था। किसानों को शांत रखने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गोले दागने से पहले फूलों की वर्षा की गई थी। परंतु किसानों का कहना है कि हरियाणा प्रशासन द्वारा फेंके गए फूलों में केमिकल मिलाया गया था, जिससे हमारे किसान घायल हुए हैं। 12 बजे से 4 बजे तक चले इस पूरे घटनाक्रम के बाद स्थिति अभी की शांतिपूर्ण है और कुछ ही देर में किसान नेताओं द्वारा प्रेस कांफ्रेंस की जाएगी। जिसमें आगे की स्थिति के बारे में किसानों द्वारा बताया जाएगा।



### पुलिस के फूल में केमिकल था- किसान

बैरिकेडिंग के पास बैठे कुछ किसानों का एक आरोप है कि हरियाणा सरकार द्वारा फूल फेंके गए जिसमें केमिकल मिला हुआ था, इससे उनकी तबीयत खराब हुई है। जिससे भी किसान जख्मी हुए हैं। अब तक कुल 4 किसान जख्मी हुए है जिन्हें राजपुरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। शंभू बॉर्डर से आज दिल्ली कूच के लिए किसानों का जत्था आगे बढ़ा था। आगे बढ़ रहे किसानों को पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर रोक दिया है।

## राजनाथ की रूस यात्रा में उठेगा एस-400 की आपूर्ति में देरी का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइलसिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह रूस में निर्मित दो गाइडेड-मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशील को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च, 2026 में और पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक मिलने की संभावना है। यह दो साल की देरी यूक्रेन से संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है।



## सीरियाः बशर अल असद ने छोड़ा देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मॉस्कोः** सीरिया में विद्रोहियों के राजधानी दमिश्क तक पहुंचने के बीच रूस ने दावा किया कि बशर अल असद ने देश छोड़ दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि विद्रोही समूहों के साथ बातचीत के बाद असद ने सीरिया छोड़ दिया है और उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण का निर्देश दिया है।

समाचार एजेंसी एपी के अनुसार टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को ने इन वार्ताओं में सीधे तौर पर भाग नहीं लिया है। इसने यह भी कहा कि यह सीरिया में नाटकीय घटनाओं पर अत्यधिक चिंता के साथ नजर रख रहा है।

**हस्तांतरण**

**विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क में हमला कर दिया और देश में तख्तापलट का एलान कर दिया**

## जॉर्ज सोरोस के साथ मजबूत हैं कांग्रेस के रिश्तेः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय** जनता पार्टी ने एक बार फिर से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। बीजेपी ने अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस पार्टी के रिश्तों को लेकर सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। बीजेपी की ओर से एक के बाद एक पोस्ट सोशल मीडिया पर किए गए। बीजेपी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी पर सवाल उठाया। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा कि एफडीएल-एपी फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी, जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित एक ऑर्गेनाइजेशन से जुड़ी हुई है। वहीं, बीजेपी की ओर से यह भी कहा गया कि संबंध भारत के विकास को रोकने के जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस पार्टी के लक्ष्य को दिखाता रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बीजेपी की ओर से लिखा गया कि विशेष एफडीएल-एपी फाउंडेशन ने अपने विचार व्यक्त किए हैं कि कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में माना जाए। आगे पोस्ट में बीजेपी की ओर से लिखा गया सोनिया गांधी और एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में कश्मीर के विचार का समर्थन करने वाले संगठन के बीच यह जुड़ाव भारत के आंतरिक मामलों पर विदेशी संस्थाओं के प्रभाव और ऐसे संबंधों के राजनीतिक प्रभाव को बताता है।



**आरोप**

**सह-अध्यक्ष के तौर पर सोनिया, सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित एक ऑर्गेनाइजेशन से जुड़ी हुई हैं**

## डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका भारत


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूधिया रोशनी में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत को शानदार अंदाज में हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर वापसी कर ली है। इस चक्र में अपनी नौवीं जीत के साथ, पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अपने पीसीटी में सुधार करके 60.71 कर लिया और तालिका में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ दिया। दूसरी ओर, भारत को 2023-25 चक्र में दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57.29 पर आ गया, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। दक्षिण अफ्रीका इस समय श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है और जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

**तालिका**

**दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57 .29 पर आ गया**







# दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने का मुद्दा गर्माया

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का 17 अगस्त 2022 के एक ट्वीट को रिट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला

**नसीहत**

**मुख्यमंत्री आतिशी सहित आआपा के नेताओं ने भाजपा को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी (आआपा) के कई बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का 17 अगस्त 2022 के एक ट्वीट को रिट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला। मुख्यमंत्री आतिशी सहित आआपा के नेताओं ने भाजपा को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा नेता अपने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का ट्वीट पढ़ लें, ताकि उसे पता चल जाए कि दिल्ली के अंदर रोहिंग्या को किसने लाया और किसने बसाया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा वालों को अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को दिल्ली में कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया, लेकिन सच्चाई की खास बात है कि वो सामने आ ही जाती है और आज दिल्लीवालों के सामने सच्चाई हरदीप पूरी के इस ट्वीट से आ ही गई है। आआपा पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी पोस्ट कर कहा कि हरदीप पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ। यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज राजनीति।

### आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी: संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने लिखा कि हरदीप पुरी का यह ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया? आआपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने ट्वीट कर कहा कि हरदीप पुरी का ये ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। आम आदमी पार्टी के युवा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस ट्वीट को पढ़कर साफ पता लगता है दिल्ली में रोहिंग्याओं को किसने बसाया। कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का ये बयान पढ़िए। रोहिंग्या घुसपैठियों की सबसे ज्यादा चिंता भाजपा सरकार को है।

अब आपको पता चल गया होगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। वहीं, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हरदीप पुरी का ये ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने ट्वीट कर कहा कि हरदीप पूरी का यह ट्वीट साफ बताता है की भाजपा ने रोहिंग्या को सिर्फ़ बॉर्डर ही पार नहीं करवाया, उनको दिल्ली में जगह जगह बसाया भी।

## जबरन कॉल सेंटर में नौकरी: 2500 किमी बिना रुके किया पीछा...

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने भारतीय युवाओं की अवैध तस्करी और उन्हें साइबर धोखाधड़ी में शामिल फर्जी कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर करने में कथित तौर पर शामिल हैदराबाद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने दावा किया कि 2,500 किलोमीटर तक बिना रुके पीछा करने के बाद गिरफ्तारी हुई। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा, '2,500 किलोमीटर तक लंबे समय तक पीछा करने के बाद कामरान हैदर उर्फ जैदी को हैदराबाद से पकड़ लिया गया।' राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा जैदी की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार, 27 मई को नरेश लखावत की शिकायत पर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया था।

## विधायक का टिकट काटना पड़ा महंगा

### बागी हो गए पदाधिकारी; केजरीवाल को भेजा इस्तीफा

**विरोध**

**दिलीप पांडेय का टिकट कटने पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मजबूत कार्यकर्ताओं ने पद से इस्तीफा दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के लिए इस बार चुनौतियां बढ़ रही हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडेय का टिकट कटने पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मजबूत कार्यकर्ताओं ने पद से इस्तीफा दिया। इनमें वार्ड, मंडल अध्यक्षों सहित विधानसभा और जिला स्तर के पदाधिकारी तक शामिल हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, अब तक 67 पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को अपने इस्तीफे भेजे हैं। इस इस्तीफे में पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा से आए सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू के लिए काम नहीं करेंगे।

वहीं, यमुनापार की दो विधानसभा सीटों पर भी प्रत्याशियों के चयन का विरोध हो रहा है। ये सीटें घोंडा और रोहतास नगर हैं। बता दें कि दिलीप पांडेय आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिमारपुर से वर्तमान में विधायक हैं। वह इस बार चुनाव नहीं लड़ने का एलान कर चुके हैं। इसके बाद से माना जा रहा है कि तिमारपुर विधानसभा सीट पर पार्टी सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू पर दांव लगा सकती है। बिट्टू तिमारपुर से कांग्रेस की टिकट से दो बार विधायक रहे चुके हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर फरवरी 2025 में विधानसभा होने प्रस्तावित हैं। चुनाव की तारीखों की सुगबुगाहट से पहले ही आम आदमी पार्टी पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है।

## पाबंदियां हटने के बाद फिर 'खराब' हुई दिल्ली की हवा

**खराब श्रेणी**

**रविवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 261 दर्ज किया गया, प्रदूषण की 'खराब' श्रेणी में आता है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिसंबर महीने की शुरूआत में वायु प्रदूषण से थोड़ी राहत मिलने के बाद दिल्ली-एनसीआर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) फिर से बढ़ रहा है। प्रदूषण से कुछ राहत मिलने के बाद दिल्ली-एनसीआर से ग्रेप-4 की पाबंदियां हटा दी गई। इसके बाद से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, रविवार को दिल्ली के कई इलाकों का एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया है। रविवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 261 दर्ज किया गया, प्रदूषण की 'खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के कुछ हिस्सों में कोहरे की एक पतली परत छाई रही और न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। गौतमबुद्ध नगर का एक्यूआई चार दिनों में सबसे ज्यादा 179 रिकार्ड हुआ। सेक्टर-62 स्टेशन में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में 201 पहुंच गई जो शुक्रवार को 162 पर थी। डॉक्टर प्रदूषण बढ़ने पर लोगों से घर से बाहर निकलते वक्त मास्क लगाने की अपील कर रहे हैं। स्टेशन पर पीएम 2.5 मानक से चार गुना जबकि पीएम10 तीन गुना ज्यादा रहा।प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़े बताते हैं कि एक दिसंबर को शहर का एक्यूआई सर्वाधिक 215 रिकार्ड हुआ था।

## दिल्ली न्याय यात्रा से शीर्ष नेताओं के गायब रहने पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में अपनी खोई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए कांग्रेस ने 8 नवंबर को राजघाट से 'दिल्ली न्याय यात्रा' की शुरूआत की थी। एक महीने तक दिल्ली की गलियों की खाक छानने के बाद शनिवार 7 दिसंबर को रोहिणी में यह यात्रा समाप्त हो गई। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जगह-जगह लोगों से बातचीत की, उनके मुद्दे समझने की कोशिश की और यह भी समझने की कोशिश की कि वर्तमान समय में उसके लिए दिल्ली की सियासत में कितनी संभावनाएं मौजूद हैं। इसका चुनावों पर कितना असर होगा, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि शीला दीक्षित युग की समाप्ति के बाद पार्टी ने पहली बार पूरी राजधानी में अपनी उपस्थिति का एहसास कराने में सफलता पाई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा की तेज-तर्रार लड़ाई में दिल्ली की सियासत में अक्सर कांग्रेस की उपेक्षा हो जाती है।

लोग यही मान चुके हैं कि मुसलमान और दलित मतदाता, जो कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक हुआ करता था, अब अपने-अपने कारणों से आम आदमी पार्टी के पास जा चुका है।

**उपेक्षा**

**इस यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जगह-जगह लोगों से बातचीत की, उनके मुद्दे समझने की कोशिश की**

## स्थायी पता ना होने पर फरलो देने से नहीं कर सकते इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** हाई कोर्ट ने एक दोषी को फरलो देने से इनकार करने के मामले में अहम निर्णय सुनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में स्थायी आवासीय पते के बिना किसी दोषी को फरलो देने से नहीं रोका जा सकता है। हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली जेल नियमों में निर्धारित प्रासंगिक नियमों को ध्यान में ऐसा कोई नियम या शर्त नहीं है कि दिल्ली में स्थायी आवासीय पता नहीं के आधार पर किसी कैदी-दोषी को फरलो नहीं दिया जाएगा।

**'पते का सत्यापन कराकर कैदी को कर सकते हैं रिहा'**

कोर्ट ने निर्णय सुनाया कि किसी कैदी के पते का सत्यापन करवाकर रिहा किया जा सकता है, भले ही वह किसी अन्य राज्य का निवासी हो या पता स्थायी व अस्थायी हो। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता




शर्मा की पीठ ने उक्त टिप्पणी के साथ अदालत ने अक्टूबर 2002 में हत्या के एक मामले में 22 साल से जेल में बंद याचिकाकर्ता रमिंदर सिंह को फरलो पर रिहा करने का आदेश दिया।

**2023 के फैसले को रमिंदर सिंह ने दी थी चुनौती**

सजा समीक्षा बोर्ड द्वारा फरलो देने से इनकार करने के अप्रैल 2023 के निर्णय को रमिंदर सिंह ने चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि दिल्ली जेल नियमावली का नियम -1226 स्पष्ट रूप से कहता है कि एक दोषी यह बताना होगा कि वह कहां रहना चाहता है। हालांकि, दोषी को फरलो के लिए आवेदन करते दिल्ली में स्थायी आवासीय पता प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है।

अदालत ने कहा कि भारत में किसी अन्य राज्य में स्थायी निवास रखने वाले किसी भी कैदी द्वारा फरलो के लिए आवेदन करने में समस्या होगी।

पीठ ने कहा कि किसी दोषी या कैदी द्वारा दिया गया कोई भी प्रस्तावित पता फरलो या पैरोल की राहत देने से पहले संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच और सत्यापन के अधीन होगा। जेल में बंद याचिकाकर्ता को तीन सप्ताह के लिए फरलो पर रिहा करने का आदेश देते हुए अदालत ने कहा कि जेल नियमों के तहत फरलो दोषी को पारिवारिक और सामाजिक बंधन बनाए रखने का अवसर प्रदान करती है।

**टिप्पणी**

**कैदी के पते का सत्यापन कराकर किया जा सकता है रिहा, चाहे वह किसी भी राज्य का निवासी क्यों न हो**

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश, मौसम हुआ सर्द..

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रविवार को दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में अगले दो घंटों में मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई थी। इससे दिल्ली में अब ठिठुरन बढ़ सकती है। रविवार को दिनभर बादलों की आवाजाही रही। साथ ही ठंडी हवा चलती रही, जिस कारण तापमान में भी गिरावट और सर्दी बढ़ गई।

धूप भी तेज नहीं थी। मौसम विभाग के अनुसार, देर शाम या रात में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। दिल्ली में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम था। वहीं, अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग के अनुसार, आईजीआई एयरपोर्ट, वसंत कुंज, हौजखास, मालवीयनगर, कालकाजी, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, इग्नू, आयानगर, डेरामंडी और एनसीार के नोएडा और गाजियाबाद, हरियाणा के गुरुग्राम, फारुखनगर में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

**संभावना**

**धूप भी तेज नहीं थी। मौसम विभाग के अनुसार, देर शाम या रात में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है**

## 'केजरीवाल झुकेगा नहीं': पुष्पा स्टाइल में झाड़ू लेकर दिखे केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में पोस्टर वार शुरू हो चुका है। जहां एक तरफ भाजपा अपने पोस्टरों में दिल्ली सरकार के घोटलों को लेकर घेरने में लगी है वहीं आम आदमी पार्टी भी इसके पलटवार में पोस्टर जारी करने लगी है। इस बार आम आदमी पार्टी का पुष्पा फिल्म वाला पोस्टर चर्चा में है। आम आदमी पार्टी ने एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें अरविंद केजरीवाल को अभी हाल ही में रिलीज हुई मूवी पुष्पा के स्टाइल में खड़े हुए हैं। पोस्टर में केजरीवाल को हाथ में झाड़ू को पकड़े हुए दिखाया है। साथ ही लिखा है कि केजरीवाल झुकेगा नहीं, केजरीवाल का चार टर्म कमिंग सून भी लिखा है। इससे पहले भाजपा ने भी आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए एक पोस्टर जारी किया था। जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार के कथित घोटालों के बारे में बताया गया है। इस पोस्टर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फोटो को लगाया गया था। इस पोस्टर को भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया था। बता दें कि अगले साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव होना है।

**पोस्टर वार**

**विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में पोस्टर वार शुरू हो चुका है**

## अब निजी हाथों में होगी मेट्रो की कमान, दो एजेंसियों को किया फाइनल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** येलो इन के बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अब वायलेट, रेड व व ग्रीन लाइन पर भी मेट्रो का परिचालन निजी हाथों में सौंपने की तैयारी पूरी कर ली है। इसके तहत डीएमआरसी ने दो निजी एजेंसियों को नियुक्त किया है, जो यलो लाइन के अलावा वायलेट लाइन, रेड लाइन व ग्रीन लाइन इन तीन कॉरिडोर पर भी मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी संभालेंगी।

**डीएमआरसी ने क्यों लिया ये फैसला?**

इन दोनों निजी एजेंसियों द्वारा नियुक्त चालक जल्द मेट्रो परिचालन की कमान संभाल लेंगे। इससे दिल्ली मेट्रो के चार कॉरिडोर व 158.68 किलोमीटर नेटवर्क पर मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी एजेंसियों के हाथों में होगी। मेट्रो परिचालन का खर्च कम करने के लिए डीएमआरसी ने करीब चार वर्ष पहले यलो लाइन (समयपुर बादली-मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम) की मेट्रो से स्थायी ट्रेन ऑपरेटरों को हटाकर आउटसोर्सिंग के आधार पर निजी एजेंसी की सेवाएं लेने की पहल की थी। तब से अभी तक सिर्फ यलो लाइन पर ही निजी एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारी मेट्रो का परिचालन करते हैं। इसके टेंडर की अवधि भी इस माह खत्म होने को है।



**मेट्रो चलाने के लिए 600 कर्मचारियों की होगी तैनात**

डीएमआरसी का कहना है कि यलो व वायलेट लाइन पर मेट्रो परिचालन के आउटसोर्सिंग के लिए जेएमडी कंसल्टेंट नामक एजेंसी को टेंडर आवंटित किया गया है, जो मेट्रो परिचालन के लिए 600 कर्मचारी तैनात करेगी। जिसमें चालक, ट्रेन अधीक्षक व प्रबंधक शामिल होंगे। इस एजेंसी द्वारा नियुक्त 52 कर्मचारियों का अभी डीएमआरसी के एकेडमी में प्रशिक्षण चल रहा है।

**अभी 26 कर्मचारियों का चल रहा प्रशिक्षण**

इस माह के अंत तक निजी एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारी यलो व वायलेट लाइन की मेट्रो में तैनात हो जाएंगे। रेड व ग्रीन लाइन पर मेट्रो परिचालन के आउटसोर्सिंग के लिए न्यूविजन कमर्शियल और एस्कार्ट सर्विसेज नामक एक एजेंसी नियुक्त की गई है। यह एजेंसी रेड व ग्रीन लाइन पर मेट्रो परिचालन के लिए चालक सहित करीब 350 कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। जिसमें से अभी 26 कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है।

**कमान**

**वायलेट लाइन पर इस माह के अंत तक और रेड व वायलेट लाइन पर फरवरी से निजी हाथों को मिलेगी कमान**

## सिख वोटों पर अरविंद केजरीवाल की नजर, सिखों के बीच पकड़ मजबूत करने के प्रयास

**आप की रणनीति**

**जितेंद्र सिंह शंटी और सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू आप में शामिल, इन दोनों सिख विधायकों को आप लड़ाने जा रही है चुनाव**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पंजाब के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी सिखों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के प्रयास में है। इसी क्रम में पिछले तीन दिनों में आप ने दो सिख नेताओं जितेंद्र सिंह शंटी और सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू को पार्टी में शामिल कराया है। इस समय दिल्ली में आप के सिर्फ दो सिख विधायक हैं। जिसमें से तिलक नगर से जनरैल सिंह व चांदनी चौक से प्रहलाद सिंह साहनी शामिल हैं। जबकि 2015 में आप में चार सिख विधायक थे। लगातार कम हो रहे सिखों के प्रतिनिधित्व को लेकर अब आप गंभीर है और विधानसभा चुनाव में इस समाज की हिस्सेदारी बढ़ाकर उन्हें और बेहतर तरीके से अपनी ओर ले आने की रणनीति में जुट गई है। अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को सिख नेता जितेंद्र सिंह शंटी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई थी।

**दिल्ली में कितनी है सिख वोटरों की संख्या?**

दिल्ली में सिख मतदाताओं की बात करें तो दिल्ली में करीब 10 लाख सिख मतदाता हैं। राजौरी गार्डन, तिलकनगर, कालकाजी, हरि नगर, कालकाजी व हरि नगर सीट पर सिखों की संख्या ठीक-ठाक है। मगर आमतौर पर हर सीट पर सिख मतदाता हैं। दिल्ली में सिख विधायक भी कभी ठीक-ठाक संख्या में रहे हैं।

### 2013 में जीते थे नौ सिख विधायक

**सभी** दलों के सिख विधायकों की बात करें तो 2013 में दिल्ली विधानसभा में नौ सिख विधायक चुन कर गए थे। इनमें आप के तीन, भाजपा के चार और दो कांग्रेस के थे।

यानी आप से अधिक भाजपा के पास सिख विधायक थे। इनमें आप के जंगपुरा से मनिंदर सिंह धीर, तिलक नगर से जरनैल सिंह व हरि नगर से जगदीप सिंह, भाजपा के राजेंद्र नगर से आरपी सिंह, शाहदरा से जितेंद्र सिंह शंटी, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा व कालकाजी से हरमीत सिंह कालका तथा कांग्रेस के गांधी नगर से अरविंद सिंह लवली व चांदनी चौक से प्रहलाद सिंह साहनी का नाम शामिल है। मगर यह सरकार 49 दिन ही चल सकी थी।

**2015 के चुनाव कितने सिख प्रत्याशी जीते?**

2015 में जब फिर से आप की सरकार बनी तो सिख विधायक चार ही रह गए, ये भी आप के ही थे। इसमें तिलक नगर से जरनैल सिंह, हरि नगर से जगदीप सिंह व कालकाजी से अवतार सिंह जीते थे। इसके अलावा राजौरी गार्डन से भी जरनैल सिंह जीते थे, मगर 2017 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था और पंजाब जाकर चुनाव लड़े थे। इस सीट पर जब उप चुनाव हुए तो भाजपा के सिरसा ने फिर जीत हासिल की थी। कुल मिलाकर पंजाब में सरकार बना लेने के बाद दिल्ली में आप के लिए पहला चुनाव है। ऐसा कहा जा रहा है कि आप की फिर से सरकार बनती है तो इस बार मंत्रिमंडल में किसी सिख चेहरे को भी आप जगह दे सकती है। आप ने अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार के दो कार्यकाल में अभी तक किसी सिख को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया है। जबकि भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारों में मंत्रिमंडल में सिखों का प्रतिनिधित्व रहा है।

## दो मंजिला इमारत में सिलेंडर ब्लास्ट, छह घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी जिले** के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना के अंतर्गत सेक्टर बी4 में सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट और उसके बाद छत गिरने से घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। घायलों में तीन छोटे बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, यह हादसा एक दो मंजिला इमारत में हुआ, जहां एक सिलेंडर के फटने के चलते छत गिर गई। दमकल विभाग के अनुसार रविवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि नरेला इलाके में एक मकान में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया है। खबर मिलते ही चार दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय घर में खाना बना रहा था। अचानक हुए धमाके के कारण छत गिरने से परिवार के सभी सदस्य घायल हो गए।

**हालत गंभीर**

**सेक्टर बी4 में सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए**

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : भारत के उपराष्ट्रपति** श्री जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री नायब सिंह सैनी जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं, जिनका चरित्र बेदाग है, वे लगनशील हैं और ऊंची सोच के धनी व्यक्ति हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री नायब सिंह सैनी निश्चित रूप से नायाब काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रांत असीम संभावनाओं का प्रदेश है, जो हमारे देश का सिरमौर है। यहाँ की प्रतिभा हर क्षेत्र में अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रत्येक हरियाणवी का हुनर और भी उभरेगा। जीवन में साथी या सारथी बहुत निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हरियाणा प्रदेश को जनता का साथी और सारथी श्री नायब सिंह सैनी के रूप में मिला है। उपराष्ट्रपति ने आज कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शिरकत की और गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनका और उनकी पत्नी का हरियाणा से बेहद गहरा नाता है। आज इस पवित्र भूमि, जहां भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को वह उपदेश दिया जो हम सबके लिए रास्ता दिखाने वाला उपदेश है, यहां आना उनके लिए एक ऐसा क्षण है जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे। श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की भूमि से संदेश दिया कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र प्रेम में कोई आकलन की बात नहीं है, यह शुद्ध और शत-प्रतिशत होना चाहिए। विकसित भारत अब सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है, अर्जुन की भांति एकाग्रता और दृढ़ता को अपनाकर ही इस लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है।
उपराष्ट्रपति ने कहा कि गत दस वर्षों से अधिक समय से इतिहास को रचते हुए 6 दशक के पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को देश का सारथी बनने का सौभाग्य मिला है। साथी और सारथी की भूमिका कितनी निर्णायक होती है वह भारत ने दस वर्ष में देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति, अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा जो नहीं सोचा था वो दर्जा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज आज बुलंदी पर है। दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही और अब हमने विकसित भारत बनने का अपना रास्ता चुन लिया है।
उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें गीता से अर्जुन की एकाग्रता और दृढ़ता को अपनाना होगा।

# महंत माधव दास जी एक सरल स्वभाव व संतों में पहुंचे हुए महान संत थे: डॉ ओमवीर



**पानीपत ,( कमाल हुसैन ) श्री सदगुरु कबीर जन** सेवा समिति रजिस्टर पानीपत के तत्वाधान में आज कबीर आश्रम, 68 ग्रीन पार्क तहसील पानीपत में दोपहर बाद 2:00 बजे से शाम तक सतलोक वास महंत माधव दास साहेब वह उनके परम शिष्य संत पौरुष दास साहेब को याद करते हुये उनकी पुण्य स्मृति में सत्संग, भजन, कीर्तन आयोजित किया गया। समिति के उपाध्यक्ष डॉ ओमवीर सिंह पवार ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुये कि सतलोक वास महंत माधव दास जी में उनके परम शिष्य संत पूरण दास जी इस आश्रम में वर्षो रहकर के पंथ का प्रचार प्रसार करते हुए समाज की बड़ी ही निष्ठा के साथ सेवा करते रहे। यह आश्रम उन्हीं की धरोहर के रूप में हम सब के बीच में यह भवन के रूप में आज यह स्थापित है उन्होंने इस क्षेत्र में कबीर पंथ का खूब प्रचार प्रसार किया यही कारण है कि आज उनके अनुयाइयों की बहुत बड़ी फौज में निवास करता है। समाजसेवी डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार कहा कि महंत माधवदास साहेब सरल स्वभाव व सन्तो में एक बड़े ही पहुचे हुये उच्च कोटि के तपस्वी सन्त थे। इसलिये उन्हें सर्वसमाज लोग बड़े ही आदर भाव से बहुत सम्मान करते थे। सत्संग के बाद प्रसाद भी वितरण किया गया। इस अवसर समिति प्रधान पदम सिंह कोषाध्यक्ष रमेश डागर, अमित पवार, रामकुमार तुंवर, पालेराम, कंवरपाल।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। सड़क हादसे में** एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब युवक लघु शंका के बाद पैदल ही रोड पार कर रहा था और एक गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। हालांकि गाड़ी ड्राइवर ने गाड़ी को रोका और घायल को उसकी पत्नी सहित अस्पताल पहुंचाया। वहीं मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घायल की पत्नी के बयान पर गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव दौंगड़ा अहीर निवासी सुनीता देवी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह घरेलू कार्य करती है। 5 दिसंबर को वह अपने पति के साथ महेंद्रगढ़ से नारनौल किसी कार्य से जा रहे थे। उसका पति बाइक चला रहा था और वह पीछे बैठी हुई थी। जब हम गुलावला के शनि मंदिर से थोड़ा आगे पहुंचे, तो वहां पर मेरे पति ने बाइक रोक ली। हम वहां पर लघु शंका के लिए चले गए। उसका पति सड़क के दूसरे तरफ लघु शंका के लिए चला गया। जब वापस सड़क पार कर आ रहा था। तब नारनौल की तरफ से आ रही एक गाड़ी ने लापरवाही से चलाकर मेरे पति को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मेरा पति जितेंद्र (33) को काफी चोट लगी। गाड़ी ड्राइवर ने गाड़ी को रोका और हमने इसी गाड़ी में मेरे पति को लेकर नारनौल के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेरे पति को डॉक्टरों ने पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहां पर मेरे पति जितेंद्र का इलाज चल रहा है। शनिवार को मैंने सदर थाना महेंद्रगढ़ में आकर अपना बयान दर्ज करवाया है। गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### बंद मकान में चोरों ने लगाई सेंध, नकदी व आभूषण किए चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर के वार्ड** नंबर-12 के मोहल्ला वाल्मीकि में अज्ञात चोर ने बंद मकान का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए हैं। पीड़िता ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर चोर को पकड़ने की मांग की हैं। पुलिस ने ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मोहल्ला वाल्मीकि निवासी कमला देवी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह डुलाना स्कूल में नौकरी करती है। 5 दिसंबर को वह अपनी बहन के घर गई हुई थी। इसी दौरान रात में उसके मकान में चोरी हो गई। 6 दिसंबर को वह अपनी बहन के घर से ही डुलाना स्कूल में चली गई थी। जब वह स्कूल से अपने घर पहुंची, तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और संदूक में रखें 10 हजार रुपये व सोने के जेवरात गायब मिले। जिसके बाद उसने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### किसान धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर बिना डीएपी खाद डाले खेती कर रहे है: श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: कृषि एवं किसान** कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में किसानों से एक बैठक की। उन्होंने बैठक के दौरान किसानों को प्रदीप काम्बोज द्वारा अपनाई गई बिना डीएपी खाद के खेती करने की विधि का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदीप कांबोज धान के अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर गेहूं की खेती कर रहे हैं, जिससे डीएपी खाद की आवश्यकता नहीं होती। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने यूरिया सहित रासायनिक उर्वरकों का उपयोग काफी कम कर दिया है, क्योंकि धान के अवशेष से मिट्टी को पर्याप्त पोषण मिलता है, और बिना डीएपी के भी अच्छी पैदावार हो जाती है। अब वे महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर हुए बिना अच्छी फसल ले रहे है, जो लागत में बचत और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार का उदाहरण है। उन्होंने किसान संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

# 2100 दानवीर क्रांतिकारी योद्धा ढूंढेंगे: नवीन जयहिन्द




**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक:8 दिसंबर** को पेड़ों की छांव में जयहिंद सेना के कोर कमांडरों की मीटिंग हुई। जयहिंद ने बताया कि हमने जो 21 सालों का संघर्ष किया है उसमें से 2100 ऐसे दानवीर क्रांतिकारी योद्धा ढूंढेंगे, जिन्होंने पूरे तनमनधन से हमारा साथ दिया है और आगे भी हमारे इस संघर्ष में साथ रहेंगे। साथ ही जयहिंद ने बताया कि रविवार 12 जनवरी को मकर संक्रांति के आसपास हम आगे की रूपरेखा तैयार कर लेंगे। जयहिंद सेना द्वारा रोटीझदान मुहीम चलाई जाएगी, जो 21 हजार रुपए दान व भोजन करवाने को तैयार होगा हम उसके घर जाकर भोजन करेंगे। हमें दान सिर्फ स्वाभिमानी लोगों से चाहिए न कि चोर, ठग, बेइमान, गरीबों को लूटने वाले लोगों से। साथ ही जयहिंद ने 7027ड्ढ822ड्ढ822 नंबर जारी करते हुए बताया कि जो भी साथी जयहिंद सेना से जुड़ना चाहता है वह हमारे इस नंबर पर कॉल करके हमसे सीधा जुड़ सकता है। जयहिंद का कहना है कि सत्ता के लिए तो बहुत लोग दान लेते भी है और देते भी है। हम हर माध्यम से अपने 2100 संघर्ष के साथियों से मिलने की कोशिश करेंगे और जनता के लिए संघर्ष व काम के नाम पर दान लेंगे। लोग अपने समय का, बुद्धि का या पैसों का दान दे सकते है। इस मुहीम में सभी इंकलाबी योद्धा दानवीरों का न्योता है। हम यह दान अपनी निजी काम के लिए नहीं बल्कि लोगों के संघर्ष करने के लिए मांग रहे है। हमारा ठिकाना तो झोपडी है और इसी झोपडी से संघर्ष जारी रहेगा। जिन लोगों को लगता है कि हमने लोगों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करते रहेंगे वह हमें सोशल मीडिया पर या सड़क पर साथ देकर व अन्य किसी भी प्रकार का दान दे सकता है। दादा दुलीचंद की बारात से लाखों बुजुर्गों, विकलांगों व विधवा महिलाओं की पेंशन बनी व फैमिली आईडी और बीपीएल कार्ड संबंधित समस्याओं का समाधान हुआ, पहरावर की जमीन से सरकारों का कब्जा हटवाया, बेरोजगारों की बारात से 25 हजार बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

# जनहित से जुड़ी समस्याओं पर स्वत संज्ञान लें: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना:** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 36 बिरादरी के आशीर्वाद से भाजपा की केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनी है। हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विकास को रफ्तार देंगे। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा की मौजूदगी में गांव मोई में 2 करोड़ 59 लाख 68 हजार 989 रुपए की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय के नए भवन निर्माण का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी किसान, महिला, खेतिहर, युवा, बुजुर्गों के साथ-साथ हर समुदाय की भलाई के लिए काम कर रहे हैं और हमें निरन्तर उनकी भावना को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जनहित से जुड़ी समस्याओं पर स्वत संज्ञान लेकर उनके समाधान के लिए काम करें। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भक्त नामदेव जी ने सभी के भले के लिए काम किया था: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कालांवाली:** भगत नामदेव जी की 754वीं जयंती के अवसर पर सुखचैन रोड, कालांवाली स्थित भगत नामदेव धर्मशाला में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खुले पंडाल में श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया और कीर्तन दरबार सजाया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचीं सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने भगत नामदेव धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। कुमारी सैलजा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले के समय संतों ने सेवा कर समाज को एकत्रित करने का काम किया था। भक्त नामदेव ने सभी के भले के लिए काम किया था और उन्हें एकत्रित करने की सेवा की थी। आज के समय लोग राजनीति में आकर जनता की सेवा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बुजुर्गों ने पहले इस क्षेत्र की सेवा कर क्षेत्र का विकास करवाने का काम किया और अब लोगों ने उनको सेवा करने का मौका दिया है। उनका प्रयास रहेगा कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा जो शहर के सभी वर्गों के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का जो कार्य किया जा रहा है।

# करंट लगने से हुई बेटे की मौत के मामले में पिता ने करवाई कंपनी पर एफआईआर



**टीम म एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के सोनीपत रोड** पर 132 के वी सब स्टेशन के पास एक फीडर पर काम करते समय हुए हादसे में शनिवार को एक युवक इ?फान की करंट लगने से मौत हो गई थी। उसी मामले में मृतक इ?फान के पिता मजुरं अली निवासी गाँव कस्ता मितोली जिला लखीमपुर उतर प्रदेश ने खरखौदा पुलिस को शिकायत दी और बताया कि ठेकेदार द्वारा उसके बेटे इरफान की करंट लगने से हुई मौत की सूचना मिली थी। सूचना पर वह मौके पर पहुँचे जहाँ इरफान के अन्य साथियों ने उन्हें बताया कि लाइट काट कर लाईन पर काम करने का परमिट लिया था। और सुरक्षा के नियमों का पालन किया गया था लेकिन कंपनी सुरेन्द्र सैन के जनरेटर की बिजली वापिस लाईन में आने के कारण यह हादसा हुआ। जिससे उसके बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। उपरोक्त पिता की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया हैं। और जाँच शुरू कर दी हैं।

# सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्रम सिंह उर्फ विक्की पुत्र अमर सिंह निवासी गांव धारनियां के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने 8 जुलाई को गांव धारनियां निवासी सुशील कुमार की शिकायत पर शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी विक्रम सिंह ने सोशल मीडिया फेसबुक पर खुद की अवैध हथियार के साथ फोटो लगाकर गुण्डागर्दी का माहौल पैदा करने की कोशिश की है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर बड़े पुण्य का कार्य: कंवर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नि:शुल्क** चिकित्सा शिविर लगाकर ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ सच्ची मानव सेवा कर रही है। पिछले तीन वर्षों से लगातार स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स टीम के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं। मरीजों को बड़े अस्पताल में जाने की बजाय उनके नजदीक ही चेकअप की सुविधा मिल रही है। फ्री दवाइयां मिल रही हैं। उनके मुफ्त टेस्ट करवाए जा रहे हैं। यह बड़े पुण्य का कार्य है। उक्त विचार महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ के परशुराम भवन में आयोजित विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर मे मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरीश शर्मा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पॉल्यूशन डिपार्टमेंट ने ब्राह्मण सभा को दो एयर कंडीशनर भेंट किए। ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का स्वागत किया।मंच संचालन करते हुए ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में डॉ राहुल सिंगला हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नम्रता यादव ईएनटी स्पेशलिस्ट, डॉक्टर सचिन यादव नीलकमल हॉस्पिटल, डॉक्टर मेजर मनमोहन सिंह यादव जनरल फिजिशियन आदि विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 328 मरीज का मुफ्त चेकअप किया। सभी मरीजों की जांच मुफ्त की गई और दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। सभा की तरफ से प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य, सचिव मनोज गौतम, खजांची मास्टर सज्जन शर्मा, विश्वनाथ मिश्रा, विजय भारद्वाज एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि कंवर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि दीपक वर्मा एसडीओ, डॉ राहुल सिंगला, डॉक्टर नम्रता यादव, डॉक्टर सचिन यादव, डॉक्टर मेजर मनमोहन सिंह यादव, यूनिटहैड प्रताप यादव, डॉक्टर भूषण तिवारी को भगवान परशुराम का सुंदर स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस कार्यक्रम में विधायक ने रिबन काटकर भगवान परशुराम की मूर्ति के आगे दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# पंचायत विभाग का सीपीएलओ हुआ साइबर ठगी का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** पार्ट टाईम जॉब के नाम पर पंचायत विभाग में कार्यरत सीपीएलओ साइबर ठगों का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने उससे करीब 65 हजार रुपये ठग लिए। इस बारे साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चौबारा निवासी अमित ने कहा है कि वह पंचायत विभाग में सीपीएलओ के पद पर कार्यरत है। कुछ दिन पूर्व उसके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि अगर वह पार्ट टाइम जॉब करना चाहता है तो उनकी ई-मित्रा सॉल्युशन के नाम से कम्पनी है। वह आधार से सम्बंधित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। अगर वह उनके साथ काम करना चाहता है तो उसके नाम से आईडी बना दी जाएगी, जिसके लिए 3 हजार रुपये देने होंगे। युवक की बातों में आकर उसने आईडी बनाने के लिए 1500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद उन्होंने उसके नाम से आईडी बनाकर पासवर्ड उसके व्हाट्सअप पर भेज दिया। इस बाद उसने युवक द्वारा दिए गए स्कैनर पर फिर से 1500 रुपये और भेज दिए। कुछ दिन फिर उसके पास दोबारा कॉल आई और उसने कहा कि उसको बैंक ट्रांसफर सर्विस लेने के लिए 9999 रुपये देने होंगे।

# कांग्रेस हमेशा से ही आंदोलनों की आड़ में राजनीति करती आई है : बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित** मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर सोमवार को पानीपत से प्रदेशवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे और बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि बीमा सखी योजना को शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री ने पानीपत को चुना। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। एमएलए फ्लैट नंबर 51 चंडीगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कुंडली तक मेट्रो विस्तार की घोषणा का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। श्री बड़ौली ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही आंदोलनों की आड़ में राजनीति करती आई है। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजय आहूजा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग, भाजपा नेता वरिन्द्र गर्ग भी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार पानीपत की ऐतिहासिक भूमि को चुना है। पीएम मोदी ने 2015 में ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व योजना का शुभारंभ किया था जो सफल रहा और देश व प्रदेश में लिंगानुपात बढ़ा। अब प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त करने के लिए बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। बीमा सखी योजना से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई हैं। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर देकर धुआं से मुक्ति दिलाई, स्वामित्व योजना के तहत आवास दिए। लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने महिलाओं को पंचायत, ब्लॉक समिति, नगरपरिषद, नगर निगम के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। हरियाणा सरकार ने बेटियों को कॉलेज में मुफ्त शिक्षा देने का काम किया। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं के लिए समृद्धि के द्वार खुले, वहीं अब बीमा सखी योजना भी महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तीन गुणा तेज गति से हरियाणा के विकास के लिए काम कर रहे हैं। संकल्प पत्र में भाजपा ने जो भी वादे किए हैं उन्हें नायब सरकार संकल्प के साथ पूरा करेगी।

# फतेहाबाद में गोली मारने का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: शहर के** सिरसा रोड स्थित सिंगला धर्मकांटा पर शनिवार देर शाम को एक युवक की गोली लगने से मौत होने के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस फुटेज में साफ दिख रहा है कि धर्मकांटे के कमरे में कुछ युवक मौजूद है। घटना के दो दोस्त अन्य लोगों के साथ बैठकर हंसी-मजाक करते रहे थे। इसी दौरान एक युवक दूसरे की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर गोली चला देता है, जिससे दूसरा युवक मौके पर ही दम तोड़ देता है। मृतक की पहचान फतेहाबाद के शिव नगर के रहने वाले 45 वर्षीय मनोज बंसल के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक मनोज के भांजे संदीप गोयल की शिकायत पर आरोपी पलविंदर उर्फ पम्मा के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मृतक का रविवार को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुरानी तहसील चौक निवासी संदीप गोयल ने कहा है कि उसके मामा मनोज मूल रूप से झारखंड के रहने वाले हैं। लंबे समय से वह अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ फतेहाबाद में रह रहे थे। फतेहाबाद में सिरसा रोड पर उनका सिंगला धर्मकांटा है। वारदात भी धर्मकांटे पर बने कमरे में ही हुई है। संदीप ने कहा कि शाम को जब वह अपनी दुकान पर था, तभी शिव नगर के ही निशांत सिंगला का उसके पास आया और बताया कि पलविंदर उर्फ पम्मा ने उसके मामा को गोली मार दी है। इसके बाद वह निशांत को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा, जहां पता चला कि उसके मामा की मौत हो चुकी है। पुलिस ने जब वारदातस्थल पर लगे कैमरे की फुटेज की जांच की तो देखा कि धर्मकांटे पर बने कमरे में 5 लोग बैठे हुए हैं।

## संपादकीय

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**हाल ही में** एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है।

हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है।

# कट्टरपंथी जमात के निशाने पर हिंदुओं का जान-माल

दीपक कुमार त्यागी

> "पूरे विश्व के किसी भी कौने में अगर इस्लाम धर्म के किसी व्यक्ति के साथ किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित कर दी जाती है, तो हमारे प्यारे देश भारत तक में भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के इशारे पर उनके बहुत सारे लोगों को जमकर सड़कों पर बवाल काटते देखा जाता है। लेकिन अब जब बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति-निमार्ताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है। यहां आपको याद दिला दें कि पूरी दुनिया ने देखा है कि किस तरह से वर्ष 1971 में तत्कालीन भारत सरकार ने पाकिस्तानियों के अत्याचार से बांग्लादेश की जनता को एक अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण करके अत्याचार से मुक्ति दिलाने का कार्य भारतीय सेना के जांबाजों के नेतत्त्व में ही किया था"

**बांग्लादेश** में हिंदुओं का नरसंहार जारी है, दुनिया के मुस्लिम देशों के साथ-साथ अधिकांश देश बांग्लादेश में चल रहे हिंदुओं के नरसंहार को चुपचाप देख रहे हैं, इतिहास की पुनरावृत्ति हो रही है। क्योंकि ठीक उसी तरह से ही जम्मू-कश्मीर में नब्बे के दशक में हुए हिंदुओं के नरसंहार को भी तत्कालीन भारत सरकार व दुनिया के अन्य देशों के द्वारा चुपचाप देखा गया था। जिसका भयावह परिणाम जम्मू-कश्मीर के अमन चैन पसंद लोगों के साथ-साथ पूरी दुनिया ने देखा था, मजहबी उन्माद में पूरी तरह से अंधे हो चुके कट्टरपंथी आतंकियों के खुली छूट देने के परिणामस्वरूप कई दशक बीतने के बाद भी आज तक भी जम्मू-कश्मीर आतंकवाद की आग में झुलस रहा है। लेकिन जब नब्बे के दशक के कट्टरपंथियों के भयावह कारनामों को लेकर के वर्ष 2022 में "द कश्मीर फाइल्स" नाम की फिल्म बाक्स आफिस पर रिलीज हुई थी, तब देश व दुनिया के धर्मनिरपेक्ष लोगों की एक बहुत बड़ी जमात ने अपने क्षणिक राजनीतिक हितों को साधने के लिए "द कश्मीर फाइल्स" फिल्म को पूरी तरह से झूठ व काल्पनिक बताते हुए, यहां तक कहा था कि कट्टरपंथियों की जमात ने कश्मीर में ऐसा बर्ताव हिंदुओं के साथ कभी भी नहीं किया था, उन लोगों ने फिल्म को देश में जानबूझकर धर्म विशेष व कुछ लोगों की छवि खराब करने की एक बड़ी साज़िश बताया था। लेकिन आज मुझे खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है कि आज जब हम बांग्लादेश के हालात को देखते हैं तो हमारी आंखों के सामने "द कश्मीर फाइल्स" फिल्म के उन दर्दनाक खौफनाक मंजरों की पुनरावृति होते हुए नजर आती है और उस पुनरावृति पर आज भी भारत के राजनैतिक लोगों व अधिकांश धर्मनिरपेक्ष लोगों की जमात क्षणिक राजनीतिक लाभ के लिए एकबार फिर से बेशर्मी के साथ चुप्पी साधे नजर आती है। वहीं दूसरी तरफ पूरी दुनिया भर के मुद्दों को लेकर के आये दिन भारत की जमीन पर भी बवाल खड़ा करने वाले कट्टरपंथियों की पूरी जमात बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जघन्य अत्याचारों पर पूरी तरह से चुप्पी साधे नजर आती है, जो बांग्लादेश में हो रहे भारत व मानवता विरोधी घृणित कार्य पर मौन सहमति देती नजर आती है, जो कट्टरपंथी जमात की भारत व हिंदू विरोधी जहरीली मानसिकता को दशार्ने का कार्य करती है। हालांकि होना यह चाहिए था कि





भारत के इस्लाम धर्म से जुड़े हुए प्रभावशाली लोगों को बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों और वहां के हिंदुओं पर हो रहे जघन्य अत्याचारों पर खुल करके देश व दुनिया के विभिन्न सार्वजनिक मंचों से विरोध जताना चाहिए था, लेकिन अफसोस आज बांग्लादेश के हिंदुओं को पूरी दुनिया ने उनके हाल पर भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 की दोपहर को हुए शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद से ही वहां की कट्टरपंथी जहरीली जमात के द्वारा हिंदुओं के जान-माल व मंदिर को चुन-चुन कर के निशान बनाया जा रहा है, इन कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के जान-माल को तब से ही जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि तख्तापलट के बाद बहुत सारे लोगों को यह उम्मीद थी कि अब देश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वहां के हाल धीरे-धीरे पूरी तरह से सुधर जायेंगे। लेकिन अफसोस मोहम्मद यूनुस तो भारत व हिंदूओं के विरोध में अंधे होकर के खुद इन कट्टरपंथियों की गोद में जाकर बैठ गये हैं और कई माह बीतने के बाद भी बांग्लादेश के हालात सुधरने की जगह और खराब हो गये हैं। देश व दुनिया के मीडिया के सूत्रों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलें की हजारों की संख्या में जघन्य अपराध वाली घटनाएं घटित हो चुकी हैं, हिंदू इन घटनाओं में अपनी अनमोल जान-माल को गंवा रहे हैं,

जो बांग्लादेश के अंदरुनी भयावह हालात के बारे में बताने के लिए काफी हैं। मीडिया स्त्रोतों से जो खबरें लोगों को निरंतर मिल रही हैं, वह देश व दुनिया के सभी हिंदुओं के साथ-साथ इंसान व इंसानियत को बेहद बुरी तरह से झकझोर देने वाली है। क्योंकि तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा भारत विरोध व हिंदुओं के जान-माल को जानबूझकर जमकर के निशान बनाया जा रहा है। हिंदुओं को मोहम्मद यूनुस सरकार के संरक्षण प्राप्त इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा सरेआम मौत के घाट तक उतारा जा रहा है। वहां हिंदुओं के मंदिर, मकान, दुकान व फेक्ट्रियों आदि को तोड़फोड़ कर के बड़े पैमाने पर आग के हवाले खुलेआम किया जा रहा है और अफसोस की बात यह है कि बांग्लादेश की पुलिस-फोर्स नियम-कायदे व कानून के अनुसार मानवता की रक्षा ना करके खुल्लम-खुल्ला इन भारत व हिंदूओं की विरोधी कट्टरपंथियों की जमात का साथ दे रही है। लेकिन इस हाल में हम भारतवासियों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पूरे विश्व के किसी भी कौने में अगर इस्लाम धर्म के किसी व्यक्ति के साथ किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित कर दी जाती है, तो हमारे प्यारे देश भारत तक में भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के इशारे पर उनके बहुत सारे लोगों को जमकर सड़कों पर बवाल काटते देखा जाता है। लेकिन अब जब बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति-निमार्ताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है। यहां आपको याद दिला दें कि पूरी दुनिया ने देखा है कि किस तरह से वर्ष 1971 में तत्कालीन भारत सरकार ने पाकिस्तानियों के अत्याचार से बांग्लादेश की जनता को एक अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण करके अत्याचार से मुक्ति दिलाने का कार्य भारतीय सेना के जांबाजों के नेतृत्व में ही किया था, जिसके चलते ही भारत के लंबे समय से बांग्लादेश से मधुर संबंध रहे हैं। लेकिन मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में वहां की अंतरिम सरकार के बनने के बाद भारत-बांग्लादेश के संबंधों में बहुत तेजी के साथ कड़वाहट शुरू हुई है। संबंध खराब करने के लिए रही-सही कसर पाकिस्तान के इशारे पर बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाकर पूरी की जा रही है। जिस बेहद तनावपूर्ण स्थिति के चलते ही संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद अब दोनों देशों के बीच काफी तल्ख कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है, जो स्थिति आने वाले समय में भारत-बांग्लादेश के संबंधों व वैश्विक स्तर पर ठीक नहीं है। यहां आपको एकबार फिर से याद दिला दें कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से ही भारत विरोधी गतिविधियां और हिंदुओं पर हमले के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। जिसके बाद से ही बांग्लादेश का हिंदू समुदाय अपनी सुरक्षा करने की मांग को लेकर व हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर के पूरे बांग्लादेश में जगह जगह छोटे-बड़े विरोध प्रदर्शन निरंतर कर रहा है। जिन प्रदर्शनों में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बढ़-चढ़कर के भाग ले रहे थे और वह पूरे बांग्लादेश में घूम-घूमकर अत्याचार के खिलाफ हिंदुओं को संगठित कर रहे थे और भारत व दुनिया से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा करने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार की आंखों का कांटा बने हुए थे।

जिस वजह से ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार के इशारे पर गिरफ्तार कर लिया गया था और वहां के न्यायालय में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की आवाज उठाने वाले अधिवक्ता पर भी जानलेवा हमला करके व उसके चैंबर में तोड़फोड़ करके उसको भी निशाना बनाया गया था।

## कविता

जरा आंखों से मुस्कुरा देना तुम।

एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा सा मुस्कुरा देना तुम'

ये दिल की लगी है न घबराना,
जरा आंखों से मुस्कुरा देना तुम।

नया रूप है तुम्हारे यौवन का,
एहसासो से महक जाना तुम।

जरा आओ सूरज की रोशनी में,
रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
आंखों का सितारा बन जाना तुम।

हमसे छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने तो पलकें झुका देना तुम।

दिलों के एहसास खास हैं हमारे,
सामने सब के मासूम बन जाना तुम।

बड़ी सौगात है दीदार ये तेरा संजीव,
कली से अब गुलाब बन जाना तुम।

संजीव

## कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत

**डॉ ० आर.के.सिन्हा**

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों -

क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।

## विचार

# नई सोच की कहानी लिखते डॉ.मोहन यादव

**डॉ हितेश वाजपेयी**

**मध्य प्रदेश**, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता के लिए जाना जाता है, अब कमजोर वर्गों के कल्याण में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। डॉ. मोहन यादव के एक वर्ष के सफल कार्यकाल में अनुसूचित जाति और जनजाति के उत्थान के लिए न केवल बड़े कदम उठाए गए, बल्कि योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया। यह कहानी केवल आंकड़ों की नहीं है, यह बदलाव, सशक्तिकरण, और एक नई सोच की कहानी है।

**जनजातीय वर्ग सपनों को पंख देने का अभियान**

**तेंदूपत्ता संग्राहकों की मुस्कान**

जहां पहले तेंदूपत्ता संग्राहकों को 3,000 रुपये प्रति मानक बोरा मिलता था, अब मोहन सरकार ने यह राशि 4,000 रुपये कर दी है। इससे 30 लाख से अधिक संग्राहकों के चेहरों पर खुशी की चमक आई है। साथ ही,115 करोड़ रुपये का बोनस देकर सरकार ने यह साबित किया है कि मेहनतकश हाथों को उनका हक देना प्राथमिकता है।

**आदिवासी बहनों के लिए ह्यआहार अनुदान योजना**

**मोहन-सरकार** ने विशेष पिछड़ी जनजाति की 2.18 लाख बहनों को 450 करोड़ रुपये की सहायता राशि देकर उनके जीवन में पोषण और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिख दिया है।

**शिक्षाः भविष्य को रोशन करने की पहल**

पढ़ाई में आगे, हर चुनौती को पीछे इस सोच के साथ जनजातीय विद्यार्थियों को आकांक्षा योजना के तहत जेईई, क्लैट, और नीट की तैयारी का मौका दिया गया। इसके साथ ही मोहन-सरकार ने 728 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति भी दी जिसने बच्चों के सपनों को नए पंख दिए।

इतिहास और संस्कृति का सम्मान

मोहन-सरकार ने छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई संग्रहालय और जबलपुर में शंकर शाह और रघुनाथ शाह संग्रहालय का लोकार्पण कर आदिवासी योद्धाओं की गाथाओं को अमर कर दिया।

**अनुसूचित जातिः नए अवसरों की दस्तक**

अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए मोहन-सरकार ने 27,900 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। यह केवल एक संख्या नहीं है, यह उन हजारों परिवारों के सपनों को साकार करने की उम्मीद है जो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देना चाहते हैं।

**छात्रवृत्ति में बढ़ोतरीः पढ़ाई का हर सपना अब संभव**

घुमंतू और विमुक्त वर्ग के बच्चों के लिए मोहन-सरकार ने छात्रवृत्ति 1,230 रुपये से बढ़ाकर 1,550 रुपये (लड़कों के लिए) और 1,270 रुपये से बढ़ाकर 1,590 रुपये (लड़कियों के लिए) कर दी है। अब हर बच्चा अपनी किताबें, यूनिफॉर्म और पढ़ाई का खर्च आसानी से उठा सकता है।

**हेल्पलाइनः हर समस्या का समाधान**

छात्रावास में पढ़ने वाले बच्चों के लिए 2477 मित्र हेल्पलाइन ने यह सुनिश्चित किया है कि उनका मार्गदर्शन कभी रुक न पाए।

असली हीरोः पेसा मोबिलाइजर्स और बैगा, भारिया, सहरिया युवा

**पेसा मोबिलाइजर्स को दोगुना मानदेय**

ग्रामीण इलाकों में बदलाव लाने वाले पेसा मोबिलाइजर्स का मानदेय मोहन-सरकार ने 4,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये किया। ये वो लोग हैं जो गांवों में शासन की योजनाओं को पहुंचाते हैं।

**युवाओं को नौकरी के लिए तैयारी**

मोहन-सरकार ने पुलिस, सेना और होमगार्ड में भर्ती के लिए जनजातीय युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर यह साबित किया कि सशक्त युवा, सशक्त समाज की नींव है।

**सामाजिक न्याय का स्वर्ण युग**

डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कमजोर वर्गों के कल्याण का यह अभियान, केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है। यह आंदोलन हर कमजोर वर्ग को अपनी पहचान देने का है।

तेंदूपत्ते की महक, शिक्षा की रोशनी, और आहार का संतुलन ये सब मिलकर एक नए मध्य प्रदेश की कहानी लिख रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**

ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पान-बताशे से प्रसन्न होने वाले शादी-विवाहों के देवता-हरदौल

**आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार**

**लोक क**थाओं में नियति प्रधान, व्यक्ति प्रधान, समाज प्रधान एवं जाति प्रदान विशेषणों का आधिक्य देखने को मिलता है। कुछ रचनाएं व्यक्तिविशेष के माध्यम से उत्पन्न होती है तो कुछेक रचनाओं को जनसमुदाय द्वारा यथावत प्रस्तुत करने का चलन रहा है ।व्यक्तिप्रधान रचनाओं का जन्म किसी कवि,लेखक की कृतियों-रचनाओं को आधार माना गया है ।लोककथायें किसी समाज-जाति विशेष के व्यक्तित्व के प्रेरणादायी जीवन वृतांत के सृजन का नेतृत्व भी करती दिखाई देती है। प्रायः ये लोक कथाएं पौराणिक, ऐतिहासिक, सीमान्त क्षेत्रीयता सहित वन प्रदेशों के रहवासियों के कथानक को अपने में आबद्ध किये हुये होती है। लोक देवी देवताओं के सम्बन्ध में कुछ विशेष जाति, प्रादेशिक क्षेत्र की प्रचलित बोलियों के मध्य अनेक किवदंतियां , घटनाओं का समावेश लिये होती है पर उसकी सच्चाई या कल्पना कितनी प्रासंगिक है उसका साक्ष्य तो तत्कालीन समय के समाज को पता होता है जो उनके चमत्कार या रहस्यमय जीवनचरित्र को जानता हो। जिस लोक देवी-देवता का इतिहास संजोया नहीं गया है उनके जीवन चरित्र की सच्चाई किसी वृक्ष में फैली अमरबेल की तरह ही है जिसका कोई सिरा-कोना ढूंढे नहीं मिलता है। ऐसे ही अनेक स्थानों पर अधिकांश समाजों की तरह यादव समाज की ग्वाल परम्परा में हरदौल लाला को लोक देवता मानकर कोई उन्हें हरदौल बाबा तो कोई हरदौल लाला के नाम से पूजा करता है। सोलहवीं शताब्दी में पैदा हुये हरदौल लाला हमारे ही बीच के एक इंसान थे। जिनके विषय में कुछ कवियों और विद्वानों के बीच मतभेद भी देखने को मिला है और कोई हरदौल का असली नाम हरिसिंह देव तो कोई हरदेव सिंह के नाम से बुन्देलखण्ड का प्रसिद्ध देव होने के प्रमाण अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत करता है। होशंगाबाद के ग्वालटोली में 2 शताब्दियों से हरदौल का चबूतरा है जहां 40 वर्षों पूर्व उनका मंदिर बनाकर उन्हें सफेद घोड़े पर सुसज्जित सवार के रूप में बनी प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठित कर पूजने का क्रम चला आ रहा है।

## राजा का जोक, जनता का शोक

**डॉ. सुरेश कु**मार मिश्रा उरतृप्त

एक दिन नगर के सबसे बड़े नेता, श्रीमान चमनलाल जी, अपने महल के आलीशान बगीचे में बैठे थे। उनके पास उनकी वफादार चाय की चुस्कियाँ और कुछ महंगे कागजों पर लिखे हुए जुमले थे। उनका मन हमेशा भटकता रहता था, सोचते रहते थे कि कैसे जनता को और बेवकूफ बनाया जाए। तभी उनके पास उनका निजी सलाहकार झ मिस्टर टी.के. (ट्रेंडिंग किचन) आ पहुँचे। यह सलाहकार राजनीति की गहरी समझ रखता था, बस उसे थोड़ी सी किचन की भी जानकारी थी, ताकि चाय में कितनी चीनी डालना है, यह पता चल सके। टी.के. ने आने की वजह बताई, सर, आपको जनता के बीच लोकप्रिय बनने के लिए एक नया तरीका ढूंढ़ना होगा। चमनलाल जी ने तुरंत चाय का प्याला उठाया और बोले, ठीक है, लेकिन तेरे जैसे सलाहकार से उम्मीद क्या! तू क्या जनता के बीच मेरी लोकप्रियता बढ़ाएगा? जो सब चाय वाले तुम्हारे जैसे हैं, उन्हे जनता समझने लगेगी तो ये सब गड़बड़ हो जाएगी। टी.के. ने फिर धीरे से कहा, सर, आप चाय में शक्कर बढ़ाकर भी जनता की मनोस्थिति बदल सकते हैं, बस थोड़ा सा ध्यान रखना होगा। चमनलाल जी ने चश्मा ठीक किया और कहा, क्या बात कर रहा है, तू? शक्कर नहीं, थोड़ी नमक डाल, तभी जनता खुश रहेगी। सबको स्वाद चाहिए, वो भी नया, जैसा तेरे चाय के प्याले में !इतना कहकर वह ध्यान से कागज पर कुछ लिखने लगे। टी.के. बेचैन होने लगा। फिर उसने तड़पते हुए कहा, सर, आपकी शाही राजनीति में अब जनता को नये विकास की बातें चाहिए। चमनलाल जी हँसते हुए बोले, अरे भाई! विकास के नाम पर तो हमने बहुत शोर मचा रखा है। अब किसी को विकास का मतलब पूछे तो क्या कहेंगे? हम तो कहेंगे झ विकास वही है जो दिखता है, वो बिना खड़खड़ाए चलता है, बिना टैक्स बढ़ाए बढ़ता है। टी.के. चकराया, फिर समझाया, वहां से लेकर यहाँ तक की राजनीति अब पूरी तरह से रचनात्मक होनी चाहिए। हमें जनता को फोकस ग्रुप में बांटना होगा और उन सभी को छोटे-मोटे मुद्दों पर ताने देना होगा।

## न्यूज फ्लैश

### देश के प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर 3100 महिलाएं मंगलाचरण गीत गाएंगी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** आज हरियाणा आएंगे। पीएम मोदी पानीपत में आ रहे हैं। यहां वे भारतीय जीवन बीमा निगम की महिलाओं के एक पॉलिसी का शुभारंभ करेंगे। पानीपत आगमन के लिए शहर में सुरक्षा चौक चौबंद कर दी है। हरियाणा-यूपी बॉर्डर पर हाई अलर्ट जारी करने के साथ ही सेक्टर-13-17 में बने आयोजन स्थल और इसके चारों तरफ करीब दो किलोमीटर तक एसपीजी की सुरक्षा तैनात कर दी है।कार्यक्रम स्थल की ओर आने-जाने वाले रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है और लोगों को आवागमन के लिए दूसरे रूट तय दिए गए हैं। 9 दिसंबर के कार्यक्रम के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। पीएम के रूट से एक-एक कंकर उठाया गया है। रविवार सुबह से अंसल के गेट 1 से 3 के सामने वाली रोड को बंद कर दिया गया है। अंसल वाले बरसत रोड की ओर बाहर निकल सकेंगे। यहां तक कि अंसल के साथ लगते बिचपड़ी वालों का रास्ता भी बंद कर दिया गया है। गांव वाले भी अंसल से होकर बाहर निकल सकेंगे। सोमवार को संजय चौक से आगे लालबत्ती की ओर ऑटो नहीं चलेंगे। रोडवेज की बसें पानीपत टोल प्लाजा पर नहीं रुकेंगी। इसलिए, टोल पर चढ़ने और उत्तरने वाले यात्री बस अड्डा में ही उतरना होगा। पार्किंग स्थल से लेकर सभा स्थल तक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। लाइट की विशेष व्यवस्था की गई है। 1000 वीआइपी गाड़ियों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 32000 की सीटिंग की व्यवस्था की गई है। पीएम के स्वागत के लिए धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं एवं संकीर्तन मंडल की 3100 महिलाएं मंगलाचरण गीत गाएंगी। भाजपा के जिला प्रवक्ता वेद पराशर ने बताया कि महिलाएं यमुना एन्क्लेव के कम्युनिटी सेंटर में इकट्ठा होंगी। यहां से एक जैसे दुपट्टे ओढ़ ?कर शोभायात्रा निकालेंगी। महेश थरेजा ने बताया कि पीली और लाल चुनरी दी जाएगी। महिलाओं की मंगल यात्रा में 50 महिलाओं को इंचार्ज बनाया गया है। इस्कॉन के अनुयायी भी ढोल-नगाड़ों से स्वागत करेंगे।

### गीता जयंती समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉक्टर** विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि सोमवार से मॉडल टाऊन स्थित शिवाजी स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि गीता जयंती की हवन यज्ञ के साथ शुरूआत की जाएगी। इस मौके पर स्टेडियम में भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भी बेहतरीन प्रस्तुति रहेगी। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर मनदीप सिंह एमडी शुगर मिल को बनाया गया है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों को गीता जयंती की शुभकामनाएं दी व हवन में भाग लेने का अनुरोध किया।

### इसुजू आई केयर विंटर कैंप 9 दिसंबर से होगा शुरू

**हिसारः** इसुजू मोटर्स इंडिया 9 से 14 दिसंबर तक अपने इसुजू केयर अभियान के तहत देश भर में इसुजू आई केयर विंटर कैम्प चलाएगा जिसमें इसुजू डी-मैक्स पिकअप और एसयूवी मालिक इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। यह देश व्यापी अभियान है जिसमें इसुजू मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जांच प्रदान करवाई जा रही है। यह कैंप सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स में लगाया जायेगा। इन कैंप्स में ग्राहकों को निशुल्क 37 प्वाइंट विस्तृत जांच के साथ साथ लेबर, पाट्र्स, ल्यूब और फिल्यूड तथा आरएसए खरीद पर छूट दी जा रही है। यह लाभ बीएस 6 वाहनों पर मान्य है। यह कैंप जालंधर सहित देश भर के सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स में लगाया जा रहा है।

### आने वाले समय में नायब सैनी सरकार को याद करेगा डीएससी समाजः डॉ अरविंद शमा

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि डीएससी समाज को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार सरकारी नौकरी में आरक्षण को हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की भाजपा सरकार द्वारा अक्षरशः लागू करने को डीएससी समाज आने वाले समय में याद रखेगा।

# गीता मात्र व्यक्ति का ही नहीं, समाज और पूरे विश्व का कल्याण कर सकती है : प्रकाश मिश्र

## ध्यान योग शिविर के दूसरे दिन भारतीय योग संस्थान ने करवाई योग साधना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा योग** आयोग पंचकूला, आयुष विभाग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में स्थानीय योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर के दूसरे दिन भारतीय योग संस्थान पंजीकृत ने उपस्थित साधकों को अपनी योग पद्धति से योग साधना करवाई क मुख्य अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक संचालक आचार्य डॉ श्री प्रकाश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन बाला बत्रा, हरियाणा योग आयोग




के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिशचंद्र, सदस्य जयपाल शास्त्री एवं डॉ मनीष कुकरेजा, आयुष विभाग के डॉ जागीर सिंह, भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश अरोड़ा, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर ध्यान योग शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ किया क रा. आ. सं. व. मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने बांसुरी पर गायत्री मंत्र की धुन बजाई क हरियाणा योग आयोग की ओर से गुलशन कुमार ग्रोवर ने सभी अतिथियों व मंचासीन अन्य सभी महानुभावों का परिचय करवाया क आयोग की ओर से सभी अतिथियों व गणमान्य महानुभावों का अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया कभारतीय योग संस्थान की ओर से देवी दयाल सैनी, लाजपत गोयल, हरिकृष्ण भारद्वाज, नीरज शर्मा, गुलशन ग्रोवर ने योगासनों का अभ्यास करवाया ! मनीराम सैनी ने योगासनों का सुंदर प्रदर्शन किया कसुरेश कुमार अरोड़ा ने हास्य आसन तथा प्राणायाम करवाए ! प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने ध्यान साधना का बहुत सुंदर अभ्यास करवाया कलोटस योग फिटनेस प्वाइंट लाडवा के विद्यार्थियों ने कलात्मक योगासन की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी कइन विद्यार्थियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया कइस अवसर पर साधकों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुमन बाला ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता के दूसरे अध्याय के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन से जीवन में उन्हें बहुत प्रेरणा मिली है कमुख्य अतिथि डॉ श्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भगवद गीता केवल व्यक्ति ही नहीं हमारे सारे समाज और पूरे विश्व का कल्याण कर सकती है कअतः हमें गीता के एक-एक श्लोक को पढ़कर उन पर मनन करना चाहिए ताकि हमारा जीवन सफल हो सके कइस अवसर पर डॉ निरुपमा भट्टी, बहन अनीता, सुमन चौधरी, सुमन तोमर, रेखा गोयल, रेनू जैन, हेम सिंह राणा, कमलजीत शर्मा, सेवा सिंह, नाहर सिंह, सूबेदार रविंद्र कौशिक, कुलवंत सिंह, राम जी, अक्षय मित्तल, सुशील बंसल, डॉ जगतार सिंह सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं साधकगण, हरियाणा योग आयोग से प्रियंका चौधरी व नीरज, योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह तथा आयुष योग सहायक उपस्थित थे क कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाई आर सी व एन एस एस के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे कदोपहर के सत्र में भारतीय योग संस्थान के गुलशन ग्रोवर द्वारा कला रागिनी ट्रस्ट के विद्यार्थियों को प्राणायाम एवं ध्यान साधना का अभ्यास करवाया गया कआयोग द्वारा लगाई गई योग एवं प्राकृतिक शिक्षा प्रदर्शनी में आज भी लोगों का भारी आना-जाना लगा रहा कवहां उपस्थित योग शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा आम जनता की योग जिज्ञासाओं को भली भांति परामर्श दे कर शांत किया गया।

### चलो बहनों मोदी जी से मिलने

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) हमारे लिए हर्ष** का विषय है कि विश्वभर में लोकप्रिय भारत के प्रधानमंत्री आज पानीपत के 13-17 सेक्टर में आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री छक्क की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे, यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए ही होगी। यह हमारा सौभाग्य है कि कार्यक्रम स्थल हमारे अंसल के बिल्कुल पास में ही है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महिलाओं का एक दल विशेष रूप से यमुना एंक्लेव से चल कर मंगल यात्रा के रूप में कार्यक्रम स्थल पर जाएगा, सभी महिलाएं इसको उत्सव के रूप मानते हुए प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद और मंगल गीत गाते हुए पंडाल तक जाएगी।

## खेल के माध्यम से विद्यार्थी भविष्य तय करें : देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडियचा**
**गन्नौरः जीटी रोड के** पास स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को खेल महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, नपा वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा व धर्मबीर नंबरदार थे। स्कूल प्रबंधक बीबी गुप्ता व प्रिंसिपल जयभारत गुप्ता ने बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके की। स्कूली छात्रों ने स्कूल बैंड के साथ मार्च पास्ट किया।विधायक देवेंद्र कादियान ने रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े और ध्वजारोहण किया। इसक




उपरांत जूनियर और सीनियर छात्रों के लिए ट्रैक और फील्ड स्पधाएं हुई। जिनमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, लेमन रेस आदि शामिल थी। इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों व शिक्षकों ने खेल खेले। छात्रों ने योग का प्रदर्शन करते हुए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का महत्व दशार्या। खेल महोत्सव के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, छात्रों ने गीत, नृत्य प्रस्तुत किए। खेलों में उत्कृष्ट छात्रों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यातिथि कादियान के हाथों सम्मानित कराया।
विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने प्रेरक भाषण में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए स्टूडेंट्स को उत्साह, जोश और जुनून के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के साथ खेलों में नाम कमाने वाले खिलाड़ियों के जीवन के किस्से भी सांझा किए। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी अपना आगे का भविष्य तय कर सकते है और आगे बढ़ सकते है। कादियान ने कहा कि पिछले दिनों विस सत्र में गन्नौर के दतौली व पुरखास में खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की है, उम्मीद है सरकार गन्नौर में बेहतर खेल स्टेडियम की सौगात देगी।

### भूतपूर्व सैनिकों को ई-सैनिक समाधान की जानकारी दी



**मलिक। गन्नौर। भूतपूर्व** सैनिक संगठन की मासिक बैठक केडी नगर स्थित कार्यालय में नायब सुबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन कैप्टन एसएस दहिया ने किया। इस मौके पर निदान अस्पताल सोनीपत की मेडिकल टीम ने भी बैठक में हिस्सा लिया। ओमप्रकाश मलिक ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए लांच की गई ई-सैनिक समाधान की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान संगठन ने प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से आर्मी में बड़े पैमाने पर भर्ती नहीं हो रही, जिससे नवयुवक मायूस है। इस लिए जल्द ही आर्मी के लिए ओपन भर्ती की जाए, ताकि नौजवानों में देश की प्रति सेवा करने का जज्बा बना रहे। इस मौके पर नवीन त्यागी, ईश्वर हवलदार, जुगति सिंह, नफे सिंह, बेद सिंह, कृष्ण, राजपाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार बनना सरकार की विकासात्मक योजनाओं का परिणाम : गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः धन्यवादी दौरे के** दौरान गांव नाहरी व मलिकपुर में पहुचंकर विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसका वे दिल से धन्यवाद करती हैं और वे हलके की जनता को विश्वास दिलाती हैं कि वे जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगी। उनका सबसे अधिक ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान



एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि हलके की जनता की जीत है। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप लोगों के सहयोग से लगातार प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। यह भाजपा के शासन में हुए विकासात्मक योजनाओं व होने वाले विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश में एक ऐसा राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद की जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। विधायक ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।
इस मौके पर जसपाल, वेदपाल, गांव की सरपंच वर्षा रानी व पूजा रानी, कुलदीप ठेकेदार, नवाब प्रधान, भोलू प्रधान, पवन नाहरी, मेहश प्रधान, आशीष मास्टर, प्रीत्तम, मुकेश कुमार, जोगेन्द्र ड्डूसह, राहुल दहिया, पूर्व सरपंच महेश पंडित, बिजली विभाग से एसडीओ सतीश गोयत, बीडीपीओ सुरेन्द्र आर्य, एसडीओ शिवरत्न सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देंगे महिलाओं को बीमा सखी योजना की बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**औद्योगिक नगरी के** सेक्टर 13-17 में 9 दिसंबर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भव्य तैयारियां की गई है। पार्किंग से लेकर सभा सटल तक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। पंडाल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हर चीज व्यवस्था में है। सभी प्रकार की तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। अधिकारियों की ड्यूटी संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रधानमंत्री का पानीपत में आगमन गौरव की बात है। ऐतिहासिक धरा से बीमा सखी योजना की शुरूआत करके देश की महिलाओं के लिए बहुत बड़ी सौगात देंगे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम होगा। इस बात को लेकर विशेष रूप से पानीपत की महिलाओं में विशेष उत्साह व उमंग का माहौल है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विभिन्न जिलों की महिलाएं शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 2015 में पानीपत की इस ऐतिहासिक भूमि से ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी जिसके फलस्वरूप लिंगानुपात में निरंतर सुधार हो रहा है। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा प्रदेश के साथ बहुत गहरा नाता रहा है और प्रदेश की जनता के साथ हमेशा अटूट रिश्ता रखा है। जब भी प्रधान मंत्री का हरियाणा आगमन होता है तो प्रदेश को बड़ी-बड़ी सौगात देकर जाते है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बीमा सखी योजना की शुरूआत करने जा रही है।

## वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। रेवाड़ी वाया** महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने रविवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक निरंजन कुमार को एक ज्ञापन सौंपा हैं।
दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से बीकानेर से दिल्ली तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रहीं है। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ से होते हुए बीकानेर जाएंगी। इस ट्रेन का महज कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव होगा। जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच बहुत कम ट्रेनों का



संचालन हो रहा है। दैनिक यात्री महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाएं। साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी भी देश में आम व गरीब वर्गों को रेलवे सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ देने के लिए प्रयासरत है। हमारी रेल मंत्री और रेलवे के उच्च अधिकारियों से मांग है कि दिल्ली से बीकानेर के बीच में चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के स्थान पर साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए ताकि तीन राज्यों की जनता को ट्रेन का लाभ मिल सके। जो की साधारण वंदे भारत ट्रेन पूरी नॉन एसी होती है। जिसमें 12 स्लीपर व 8 जनरल डिब्बे लगे होते हैं। इस ट्रेन का ठहराव मुख्य रेलवे स्टेशन पर किया जाए ताकि रेल मंत्रालय व आम जनता को इसका लाभ मिल सके। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर गुरुग्राम, पटौदी रोड, रेवाड़ी, डहीना, कनीना, महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू आदि रेलवे स्टेशनों पर साधारण वंदे भारत नई ट्रेन का ठहराव किया जाए। इस रेलवे मार्ग पर अभी तक प्रतिदिन कोई लंबी दूरी की ट्रेन संचालन नहीं हो पाया है। वहीं इस रूट पर चलने वाली सभी एक्सप्रैस व सुपरफास्ट गाड़िया का केवल रात्रि को संचालन हो रहा है। इसलिए यहां की जनता रेल सेवा से वंचित रह जाती हैं। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि इस रूट पर सुबह-शाम यात्रियों के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। यात्री अपनी रोजी-रोटी के लिए कंपनियों में काफी संख्या में कार्यरत हैं। ट्रेनों का समय सहीं नहीं होने पर प्राईवेट वाहनों में अधिक किराया देकर यात्रा करने को मजबूर हैं। जिससे समय व धन की बबार्दी होती हैं। इस समस्या को लेकर कई बार रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन उच्च अधिकारी दक्षिण हरियाणा के साथ भेदभाव कर रहे है। देश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से महेंद्रगढ़, कनीना, डहीना, सतनाली रूट पर आज तक कोई नई ट्रेन का ठहराव, विस्तार फेरे बढ़ाने, नई गाड़ी का संचालन नहीं हो पाया हैं।

## 14 दिसंबर तक निशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि14 दिसंबर की गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड मुफ्त में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। आधार की जानकारी मुफ्त में अपडेट करने की सुविधा सिर्फ यूआईडीआई के ऑनलाइन पोर्टल पर ही उपलब्ध है। अपनी पहचान और पते के पर अपने आधार नंबर से लॉग इन करके अपडेट कर सकते हैं। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं करवाया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें, ताकि



उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह भी दी है।

**आधार सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल देना जरूरी**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि आधार सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल देना जरूरी है।
अगर किसी नागरिक ने अभी तक अपने आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल नहीं जोड़ा है, या फिर किसी नागरिक के मौजूदा आधार में मोबाइल नंबर या ईमेल बदल गया है, तो वे इसे नजदीकी अक्षय आधार केंद्र के जरिए अपडेट कर सकते हैं।

## बच्चों को आध्यात्मिक विकास व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। होली फैमिली** आश्रम गांव बड़ौत में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग कल्याण एकता सोसाइटी व अन्य संस्थाओं के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़ौत गांव की सरपंच काजल देवी व सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार विशिष्ट अतिथि फादर अरोकिया रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आध्यात्मिक विकास व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करना तथा उनके अंदर की प्रतिभा को बाहर निकालना था। दिव्यांग लोगों के अधिकारों के लिए सभी को एकजुट करना तथा



डीपीओ के संगठन को मजबूत करना ताकि उनके लिए एकजुट आवाज उठाई जा सके। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा प्रगति संस्थान द्वारा बच्चों के सम्मान में पुरस्कार दिए गए तथा गांव की सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार द्वारा 25 बच्चों को पाठ्य सामग्री के रूप मे कॉपी व पेन वितरित किए गए तथा दिव्यांग कल्याण एकता समिति गन्नौर सोनीपत हरियाणा महासचिव विजय खोखर द्वारा 28 प्रतिभाशाली दिव्यांग साथियों को "

न्यूज फ्लैश

## गुर्जर सभा एकता समन्वय समिति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने कर्णसिंह पसीना




**पानीपत, ( कमाल हुसैन ):** ऊझा रोड स्थित गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलें भर से गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 15 दिसम्बर को पलवल जिलें के गांव बडौली बैसलात में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय जनसभा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गुर्जर समाज सर्व संगठन व गुर्जर सभा एकता समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर ने मुख्यरूप से शिरक्त की। जबकि बैठक की अध्यक्षता गुर्जर सभा जिला प्रधान कर्णसिहं पसीना ने की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर ने गुर्जर समाज के लोगों से विभिन्न मांगों को लेकर विभिन्न दिनों में आयोजित धरना प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा सख्यां में पहुंचने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर ने इस दौरान उपस्थित गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श कर गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिहं पसीना को गुर्जर सभा एकता समन्वय समिति का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। इस पर गुर्जर सभा एकता समन्वय समिति नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कर्णसिहं पसीना ने समाज के लोगों का आभार जताया और कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी उन्हे सौपी है वो उसे पूरी ईमानदारी से निभाएगें।

उन्होने बताया कि 15 दिसंबर को पलवल के बडौली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय जनसभा में गुर्जर समाज राष्ट्रीय गुर्जर समाज में एकता बढाने, गुर्जर समाज के सभी वर्ग जैसे पटेल, पाटिल, कुर्मी, हिंदू गुर्जर, सिख गुर्जर, मुस्लिम गुर्जर आदि सभी को एक सूत्र में बांधने के प्रस्ताव,गुर्जर समाज में शिक्षा को बढावा देने व शिक्षा के प्रचार प्रसार और गांवों में लाईब्ररी एवं कोचिंग सेंटर खोलने पर विचार विमर्श करेगा। इसके साथ ही समाजिक कुरूतियाँ जैसे दहेज मांगना, लडकी को शादी के बाद छोडना, शादी में शराब पिलाना, मांढा झाकना गोद भराई व छूछक में 200-200 आदमी ले जाना, शादी में जादा बाजे व आतिश बाजी ले जाना आदिं पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर फैसला लिया जायेगा।

जबकि 16 दिसम्बर को दिल्ली जंतर मंतर पर एकत्रित होकर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के नाम गुर्जर रेजीमेन्ट का गठन करने, हिन्दू मैरिज ऐक्ट 1955 धारा 7, (1) (2) को हटा कर नया कानून बनाने,गुर्जर प्रतिहार वंश के इतिहास को मिटाने के प्रयास बंद किये किए जाने,राजस्थान गुर्जर समाज के एम.बी.सी आरक्षण को नौवी सूची में डाले जाने,भारत सरकार व राज्य सरकारों में गुर्जरों को राज्य मंत्री बनाने,सभी राज्य मंत्रीयों को केबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेगा। इस मौके पर पूर्व चैयरमेन सुरेन्द्र जलमाना,राजकुमार छौक्कर,जयपाल छौक्कर,राजचंद्र हल्दाना,रविन्द्र रावल भलौर,अनुप नरायाणा,कृष्ण पट्टी कल्याणा,कृष्ण पोसवाल,प्रेम ऊझा,किशोर कोंहड,सुभाष तंवर सुताना आदि अनेक मौजूद थें।

# वेदों का सारभूत श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन का मार्ग निर्देशक: डा. श्रीप्रकाश

## वेदों का सारभूत श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन का मार्ग निर्देशक है

प्रतिपादन

▶▶ कार्यकुशलता, लक्ष्य की प्राप्ति एवं निर्णय लेने की क्षमता सहित सभी बातों का प्रतिपादन गीता में हुआ है




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** वेदों का सारभूत श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन का मार्ग निर्देशक है। गीता एक व्यावहारिक मनोविज्ञान कि, जो हमें जीवन रूपी संग्राम में विजय प्राप्त करने हेतु वास्तविक ज्ञान का उपदेश देता है। आधुनिक प्रबंधन के सभी सिद्धांत ,अंतर्दृष्टि, नेतृत्व, प्रेरणा, कार्यकुशलता, लक्ष्य की प्राप्ति एवं निर्णय लेने की क्षमता सहित सभी बातों का प्रतिपादन गीता में हुआ है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वाराआयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के पंद्रहवे दिवस गीता में जीवन प्रबंधन विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की ध्यक्षता शिक्षाविद जयगोपाल वर्मा ने किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता हमें संदेश प्रदान करती है कि जीवन में द्वंद्व व दिग्भ्रम आना स्वाभाविक है किंतु अपनी स्थिति को स्वीकार ना कर समाधान के प्रति अनुरक्त न होना जड़ता है। समतापूर्ण समावेशी विकास गीता के चिंतन का आधार है। श्रीमदभगवद गीता हमेशा व्यक्ति के अपने कर्तव्य और स्वधर्म के बारे में बात करती है। गीता के अनुसार सभी कार्य लक्ष्य उन्मुख होने चाहिए और उन कार्यों को धर्म के साथ मजबूत किया जाना चाहिए। व्यवसाय और पेशे में नैतिकता और मूल्य होने चाहिए।श्रीमदभगवदगीता का संदेश है कि मानव जाति को एक दूसरे की सेवा भगवान की सेवा के रूप में करनी चाहिये। श्रीमदभगवदगीता न केवल हमें आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती कि बल्कि भौतिक संसार में जीवन प्रबंधन के समस्त सूत्र भी प्रदान करती है। गीता विज्ञान, भौतिक विज्ञान और आध्यात्मिक विज्ञान है। भगवद्गीता हमें भौतिक और आध्यात्मिक दोनो प्रकार से जीवन प्रबंधन सिखाती है। गीता संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

आश्रम की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किये गये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सुमन ने किया।

कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, अशोक वर्मा, अदिति सहित आश्रम के विद्यार्थी, सदस्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र से हुआ।

## 33वें सामूहिक विवाह समारोह में सीएम होंगे मुख्य अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाले आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों की कन्याओं के 33वें सामूहिक विवाह समारोह में आशीर्वाद देने के लिए जहां संत महापुरुष भी शामिल होंगे वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी मुख्य अतिथि होंगी। इस मौके पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज एवं कथा वाचक संजीव कृष्ण ठाकुर भी आशीर्वाद देंगे। श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह अपने आप में अलौकिक होगा। पिछले करीब चार दशक से भी अधिक समय से श्री जयराम विद्यापीठ में गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर हर वर्ष आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाता है। यह सामूहिक विवाह समारोह पिछले 33 सालों से दिल्ली के श्रीमती सारादेवी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राम लाल गोयल, शिव लाल गोयल, विजय गोयल तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा आयोजित किया जाता है। ब्रह्मचारी ने सामूहिक विवाह समारोह में नगरवासियों को नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित किया। ब्रह्मचारी ने कहा कि अगर युवा पीढ़ी तथा बच्चों को गीता का ज्ञान हो जाए तो वर्तमान कई समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है।

## नर सेवा ही नारायण सेवा: प्रवीण जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** समाज सेवा संगठन की ओर से गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत गुर्जर भवन सेक्टर 24 आस पास की झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले व ऊझा रोड पर स्लिम बस्तियों में रहने वाले बच्चों व औरतों 500 गर्म सूट जैकेट वितरण की शुरूआत मुख्य अतिथि आनंद जैन दीपक सिंगला वशिष्ठ अथिति गोपाल तायल अमित तायल राजेश गोयल ने की संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं व स्लिम बस्तियों में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण करता है उसी के तहत आज गुर्जर भवन से गर्म कपड़े वितरण की शुरूआत की और ये अभियान



14 जनवरी मकर संक्रांति तक जहां भी जरूरत होगी ये अभियान चलता रहेगा जैन ने बताया सर्दी शुरू हो चुकी है। हम और हमारे बच्चे घरों में रहते हैं और सभी सुख सुविधा होने के बावजूद सर्दी नहीं जाती और खुले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में छोटे छोटे बच्चे बुजुर्ग और महिलाए रहती हैं।

## ब्राह्मण उत्थान समिति ने किया होनहारों का सम्मान

सम्मान

▶▶ काजल कौशिक और स्टिल फोटोग्राफर से फिल्म डायरेक्टर बने मोहित भारती को सम्मानित किया गया





**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** ब्राह्मण भवन में रविवार को आयोजित एक समारोह में समाज के होनहारों को सम्मानित किया गया। एनएसएस में राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित काजल कौशिक और स्टिल फोटोग्राफर से फिल्म डायरेक्टर बने मोहित भारती को समारोह में सम्मानित किया गया। गांव भुर्री की रहने वाली और हिंदू कन्या कालेज में पढ़ने वाली काजल कौशिक को राष्ट्रीय सेवा योजना में राष्ट्रपति अवार्ड हासिल किया है। वहीं मोहित भारती पहले स्टिल फोटोग्राफर थे, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से फिल्म डायरेक्टर तक का संघर्षों से भरा सफर तय किया है। अब मोहित को बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड हासिल किया है। मोहित की फिल्में यू ट्यूब, स्टेज एप पर सामाजिक सरोकार के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। उनकी हरियाणवी फिल्मों में भाईचारा, वेबसीरीज गदर फंड, अभागिन, लाल रंग, मैं क्यूं सुनूं, लाचार औरत, खराब नीयत, इंतजार, घर की भीत आदि हैं। वेबसीरीज विदेशी बहू में मोहित को बेस्ट डायरेक्टर का स्क्रीन अवार्ड मिला है। समारोह में माइराम कौशिक और ब्राह्मण उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने काजल व मोहित को सम्मानित किया। समारोह में प. सत्यनारायण शर्मा, पं. इंद्रसिंह, भगवान सिंह, कर्मबीर, प. जगदीश चंद्र शर्मा, प. राजेश भारद्वाज, संजय बड़वानी, हिमांशु शर्मा, रमेश पराशर, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, प. सुरेंद्र भारती, नरेंद्र भारती, हर्ष पंडित, उमाशंकर गौतम, राजेंद्र गौतम, प. सतपाल कौशिक, प. आनंद, राममेहर शर्मा, अनिल जमदग्नि, कृष्ण कौशिक,धनश्याम शर्मा, रामपाल शर्मा, श्रवण कौशिक, चौबे पंडित, विनीत वत्स, समेत समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गीता महोत्सव के तहत हुई राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** 28 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में गुरुकुल के छात्रों ने नया कीर्तिमान स्थापित कर गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाया है। महोत्सव के तहत ग्रीन अर्थ आगेर्नाइजेशन द्वारा करवायी गई राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर और मध्यम वर्ग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार गुरुकुल कुरुक्षेत्र के



होनहार छात्रों ने जीते और सभी को अपनी कुशाग्र बुद्धि से परिचित कराया। छात्रों के इस उम्दा प्रदर्शन पर निदेशक ब्रिगेडियर डॉ0 प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने छात्रों को बधाई दी। डॉ0 प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्रीन अर्थ ऑगेर्नाइजेशन द्वारा शनिवार को ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में यह प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्रदेश भर से लगभग 20 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों की आयु और कक्षा के अनुसार प्रतियोगिता को तीन अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक जूनियर वर्ग, कक्षा 9 से कक्षा 12 तक मध्यम वर्ग और इसके बाद की कक्षाओं के छात्रों को सीनियर वर्ग में रखा गया। राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गुरुकुल के अंकित चौधरी प्रथम, विक्रमादित्य द्वितीय तथा अभिषेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता

▶▶ जूनियर और मध्यम वर्ग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार गुरुकुल कुरुक्षेत्र के होनहार छात्रों ने जीते

## ऑनलाइन कस्टमर केयर नम्बर सर्च करते समय रहें सवधान: वरुण सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में कम्पयुटर व मोबाईल के प्रयोग से कार्य करनें में तीव्रता आई है। तकनीक के युग में घर बैठकर कार्य करने की सुविधा व अन्य सुविधाएं मिली हैं परन्तु इस तकनीक फायदा उठाकर कुछ साईबर ठग साईबर क्राईम को अंजाम देते हैं। साईबर धोखाधडी से बचने के लिए खुद को जागरुक रखें क्योंकि साईबर ठगों बचने के लिए जागरुकता ही एक मात्र उपाय है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑनलाइन एप (गुगल पे,




फोन पे, पेटीएम) आदि इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें क्योंकि पैसे का लेन-देन करते समय धोखाधडी हो सकती है। साईबर ठग आपको फोन करके कहते हैं कि उसने आपको गुगल-पे या फोन-पे पर पैसा ट्रांसफर कर दिया है। जब आप एप को ओपन करके देखते हैं तो उसमें पैसे एक्सैपट से सम्बन्धित लिंक होता है जिस पर आप क्लिक करके अपना पिन डालते हैं जिससे आपके खाते से पैसे कट जाते हैं। इस प्रकार के किसी भी लिंक पर क्लिक ना करें ना ही किसी व्यक्ति के द्वारा कहने पर किसी भी प्रकार की रिमोटली एप (एनी डेस्क, टीम व्युवर) इन्सटाल करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साईबर ठग अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ धोखाधडी करते हैं। जब भी आप किसी संस्था या कम्पनी का नम्बर सीधा गुगल पर जाकर सर्च करते हैं और वहां मौजूद मोबाईल नम्बर पर आप कॉल करते हैं।

## दूल्हा मिला नाबालिग और दुल्हन मिली 26 की

**जींद:** बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम ने जिले के डिडवाडा गाँव में रविवार को उत्तरप्रदेश के शामली जिले से बारात लेकर आए दूल्हे के जब कागजात की जांच की तो दूल्हे की उम्र मात्र 15 वर्ष 4 माह मिली और दुल्हन बनी लड़की की उम्र 26 वर्ष निकली । टीम ने बाल विवाह की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए चेताया। इसके अलावा बाल विवाह अधिनियम की जानकारी भी दी।

## घाटों पर नजर आया देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ देखने को मिला। इस लोक संस्कृति के महाकुंभ में जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, असम, राजस्थान, उत्तराखंड के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इन कलाकारों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला क्षेत्र पटियाला की तरफ से आमंत्रित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में सरस और शिल्प मेले में शिल्प कलाओं के साथ-साथ देश की



लोक संस्कृति को देखने का एक बार फिर सुनहरी अवसर पर्यटकों को मिला है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े स्तर पर गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के साथ-साथ लोक संस्कृति का आनन्द लेने के लिये ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देश के कोने-कोने से पर्यटक पहुंच रहे हैं। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

सौभाग्य

▶▶ मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है

एनजेडसीसी की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे है। इन तमाम राज्यों के कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति से सबका मन मोह रहे है। महोत्सव के एक मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है।

## द साबरमति रिपोर्ट फिल्म है यह बहुत कुछ कहती है : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि द साबरमति रिपोर्ट पिक्चर है यह बहुत कुछ कहती है। सबसे पहले तो 1947 में धर्म के आधार पर जो आधा अधूरा बंटवारा हुआ वो आज भी कहीं न कहीं जिन्न बनकर कभी गोधरा में, कभी बांग्लादेश में या कहीं और वो सामने आ रहा है। विज अम्बाला शहर के गेलेक्सी सिनेमा हॉल में द साबरमति रिपोर्ट फिल्म देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा इस फिल्म में दूसरी बात कहीं गई कि सच पर झूठ की जितनी भी मरजी परतें चढ़ा ली जाएं पर एक दिन सच सामने



जरूर आता है। तीसरी बात जो सब के सबक के लिए फिल्म में कही कि इस देश के प्रजातंत्र के जो चार प्रहरी है जिनके ऊपर दायित्व है सच को सामने लाने का, उनको अपने-अपने रोल पर पुनः ध्यान देना चाहिए और अपने दायित्व को पूरी तरह से निभाते हुए सच जितनी जल्दी हो सके वो सामने लाने चाहिए। इससे पहले फिल्म देखने के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज सिनेमा हाल में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ शाम को पहुंचे और फिल्म देखने के लिए हॉल की बुकिंग कराई गई थी। मंत्री अनिल विज ने कार्यकताओं के साथ द साबरमति रिपोर्ट फिल्म को पूरा देखा और फिल्म की प्रशंसा की।

यहां बता दें कि 27 फरवरी 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस गाड़ी की बोगी नम्बर एफ-6 के साथ-साथ जो अन्य बोगियां थी उनमें जो पैसेंजर/श्रद्धालु थे अयोध्या में पूर्ण आहुति यज्ञ से वापिस लौट रहे थे। उन्हे गोधरा स्टेशन पर बोगियों में ही जिंदा जलाने का कार्य किया गया। इस घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी। जिसे कि दबाने का प्रयास किया गया और अंत में सच सबके सामने आ गया है जोकि इस पिक्चर में दशार्या गया है। इस मौके पर सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म दिखाने के लिए ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज का धन्यावाद किया। उन्होंने कहा कि इस पिक्चर के माध्यम से पता चलता है कि झूठ जितना भी छुपाया जाए कभी न कभी सच सामने आता है और इस पिक्चर में कैमरामैन समर कुमार ने अपनी दायित्व को निभाते हुए बेहतर तरीके से इसे दिखाने का काम किया है। इससे पहले सिनेमा हॉल में पहुंचे मंत्री अनिल विज का एसडीएम दर्शन कुमार व मॉल के प्रबंधक राहुल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

कांग्रेस को घेरा

▶▶ इस फिल्म में दूसरी बात कहीं गई कि सच पर झूठ की जितनी भी मर्जी परतें चढ़ा ली: विज

## महोत्सव में स्थापित हरियाणवी पवेलियन में मच रही है हरियाणवी संस्कृति की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पवेलियन में हरियाणवी संस्कृति की धूम रही। हरियाणा लोक गायन की विभिन्न शैलियां एवं हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न आयाम को हरियाणवी लोक कलाकारों ने अपने गीतों एवं नृत्य के द्वारा अवगत करवाया। पुरुषोत्तमपुरा बाग ब्रह्मसरोवर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों (हरियाणा कला परिषद) का आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। हरियाणवी सांस्कृतिक मंच पर आयोजित कार्यक्रम में हो रहे



हरियाणा की लोक संस्कृति, भजन, रागनी संगीत, नृत्य दर्शकों का मन मोह रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय अवार्डी अंतरराष्ट्रीय गीत, भजन एवं गजल गायक दिलावर कौशिक आर्ट एंड कल्चर अफेयर हरियाणा द्वारा प्रस्तुत किए गए देखा हैं सब ग्रंथों में, उच्च स्थान गीता का को श्रोताओं ने तालियां बजाकर आनंद लिया। इसी प्रकार उन्होंने भगवान रामचंद्र के जीवन पर आधारित गीतों एवं भजनों के अलावा गीता पर आधारित भजनों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया इस पर दर्शकों द्वारा इन कलाकारों की खूब प्रशंसा की गई।

# लायंस क्लब पिहोवा रॉयल द्वारा नि:शुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा:** लायंस क्लब पिहोवा रॉयल ने आज रामलीला भवन, पिहोवा में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर के मुख्य अतिथि पिहोवा के एसडीएम अमन कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिहोवा नगरपालिका के प्रधान आशीष चक्रपाणि ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जगदीश तनेजा और श्री नरेश शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। लायंस क्लब पिहोवा रॉयल के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मेंबर (डीसीएम) हन्नू चक्रपाणि और संदीप गर्ग ने भी इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।शिविर में मरीजों का परामर्श और उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने किया, जिसमें शामिल थे डॉ. अंशुल मंगला, डॉ. प्रियंका गर्ग डॉ. प्रतीक अहलावत, डॉ. अविनाश, पवन। शिविर में ब्लड शुगर, ईसीजी, हड्डियों की कैल्शियम जांच और फेफड़ों की क्षमता जांच जैसी सेवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गईं।लायंस क्लब पिहोवा रॉयल के अध्यक्ष श्री शाश्वत चक्रपाणि ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी डॉक्टरों, अतिथियों और क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में प्रोजेक्ट मैनेजर जयपाल कौशिक, रविकांत कौशिक, प्रिंस गर्ग, सौरभ गुलाटी व आदित्य बहल, रवि जिंदल, सचिव विक्की वर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित जिंदल, और लायंस क्लब के अन्य सदस्यों का योगदान उल्लेखनीय रहा लायंस क्लब के सदस्य संदीप सिंगला, रोहित गर्ग, सौरभ गुलाटी, मंगलम कौशिक, आदित्य बहल, कार्तिक चक्रपाणि, सचिन नंबरदार, कपिल गर्ग, यतिन तनेजा, दीपांशु गर्ग, हरिओम अग्रवाल, रोमित गर्ग,मुकेश गर्ग, हिमांशु बंसल, अंकित गर्ग, और मोहित अत्रि आदि सभी सदस्यों का खास योगदान रहा।इस शिविर के माध्यम से, लायंस क्लब पिहोवा रॉयल ने समाज सेवा और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर समाज को लाभ पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।



# बाल घर में प्रांतीय शिशु वाटिका टोली की बैठक का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : क्षेत्रीय संगठन** मंत्री विजय नड्डा के निदेर्शानुसार बाल घर में प्रांतीय शिशु वाटिका टोली व गांधीधाम से प्रशिक्षण प्राप्त आचार्य, भैया व दीदियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हरियाणा प्रांत के 9 संकुल से 16 भैया व दीदी उपस्थित रहे। शिशु वाटिका प्रांत प्रभारी राज विज, हिंदू शिक्षा समिति प्रांत उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, प्रांत प्रशिक्षण संयोजक सुधीर कुमार, प्रांत शिशु वाटिका पूर्णकालिक सोमदत्त, प्रबंध समिति प्रबंधक जीवन मौदगिल, पूर्व प्रधानाचार्य सुखबीर चंद शर्मा भी मौजूद रहे। शिशु वाटिका क्षेत्रीय सह संयोजिका संगीता शर्मा, प्रांतीय शिशु वाटिका संयोजिका सुनीता वर्मा , शिशु वाटिका प्रांत सह संयोजिका कविता एवं दीदी निर्मला की भी मौजूद रही। आयोजक प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ द्वारा सभी का परिचय एवं स्वागत किया गया। शिशु वाटिका बैठक के उद्घाटन सत्र में हिंदू शिक्षा समिति उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा के आशीर्वचन प्राप्त हुए। उन्होंने शिक्षिका को माता का दूसरा स्वरूप बताया। संगीता शर्मा ने अपने सत्र में कक्षा कक्ष का पाठ्यक्रम एवं समय सारणी कैसे हो, पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सुनीता वर्मा ने अपने सत्र में शिशु वाटिका के नमूना रूप, प्रभावी रूप एवं प्रयत्नशील रूप पर चर्चा की। सोमदत्त जी द्वारा जन्म से पूर्व एवं जन्म के बाद के संस्कारों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।



## न्यूज फ्लैश

### विश्व मानव रूहानी केंन्द्र ने निशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) विश्व मानव** रूहानी केन्द्र पंजीकृत एक परोपकारी एवं अध्यात्मिक संस्था है। यह संस्था संत बलजीत सिंह जी द्वारा सिखाए गए नैतिक जीवन, अध्यात्मिकता और ध्यानाभ्यास पर आधारित कार्यक्रमों और जन कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के समाज सेवी कार्यों का आयोजन करती है। महामारी के दौरान भी संस्था द्वारा विभिन्न राज्यों में पूरी ऊर्जा एवं जोश के साथ चैरिटी कार्य किए गए। इसी संदर्भ में दिनांक विश्व मानव रुहानी केन्द्र समालखा के द्वारा विकास भट्टा नारायणा रोड़ समालखा में निःशुल्क चिकित्सा निरिक्षण शिविर लगाया गया। इस शिविर में मरीजों की संख्या 60 मरीजों का अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा निरिक्षण किया गया। और इस दौरान चिकित्सक के परामर्श अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई।

### 10-11 दिसंबर को लगेगा साइकिल मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला शिक्षा विभाग द्वारा** 10 व 11 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल (नजदीक बस स्टैंड) में राजकीय स्कूलों में पढ़ रहे छठी कक्षा के अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं (जो विद्यालय से 2 किलोमीटर की दूरी से पढ? के लिए आते हैं) के लिए साइकिल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, प्रिंसिपल व अभिभावक संघ अपने-अपने विद्यालय के बच्चों के साथ पहुंचकर अपनी मनपसंद साइकिल का चयन कर संबंधित कंपनी को आर्डर देंगे, जिसमें विभाग द्वारा जारी राशि 20 इंची साइकिल के लिए 2800 रुपए तथा 22 इंची साइकिल के लिए 3000 रुपए विद्यालय द्वारा कंपनी को दिए जाएंगे तथा शेष राशि अभिभावक स्वयं वहन करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि यह मेला हर वर्ष बच्चों की मनपसंद साइकिल के लिए लगाया जाता है, जिसमें अभिभावक व बच्चे उपस्थित होकर अपनी मनपसंद साइकिल का चयन कर संबंधित कंपनियों को ऑर्डर देते हैं। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित राशि 2800 व 3000 सीधे कंपनी के खाते में डाली जाएगी तथा शेष अतिरिक्त राशि अभिभावक द्वारा वहन की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन करने में सभी बीडीओ, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व मिडिल हेड स्वयं उपस्थित रहकर उक्त मेले के सफल संचालन में विशेष रूप से सहयोग करेंगे तथा साथ ही सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी छात्र-छात्रा इस मेले से वंचित न हो। उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं जो कक्षा 6 में पढ़ रहे हैं तथा जिनकी घर की दूरी विद्यालय से 2 किलोमीटर से ज्यादा है, को लेकर मेले में उनकी मनपसंद साइकिल का चयन करवाने में सहयोग करें तथा साथ ही ऑर्डर की एक कॉपी कार्यालय के सहायक योगेश कुमार के पास जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि समय पर सभी बच्चों को साइकिल उपलब्ध करवाई जा सके।

### किसानों को बांटे गर्म कंबल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। गांव दुलोठ अहीर** में किशनचंद बोहरा एंड सन्स पेट्रोल पंप पर रविवार को किसानों को सर्दी को देखते हुए गर्म कंबल व लोई बांटे। दिनकर बोहरा ने बताया कि अधिक सर्दी होने के कारण गर्म कंबल बांटे गए। कार्यक्रम में इंडियन ओयल के अधिकारी संजीव मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने किसानों से कहा कि आप सभी का सहयोग स्नेह हमेशा बना रहे। किसान हमारे परिवार का एक अटूट हिस्सा है। इस मौके पर किसानों ने दिनकर बोहरा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गांव के सरपंच राजीव, प्रमोद कुमार अमेरिया, लोकेंद्र वशिष्ठ, मनोज डागर, हरिसिंह, सेठी पंच, अमित बोहरा, फूलचंद, राजेंद्र नंबरदार, रामफल, देवदत, भीमसिंह, अमिलाल फौजी, राजेश मास्टर, सुरेश, कृष्ण, दिनेश बापड़ोल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# मोदी-नायब के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (सोनीपत)। सहकारिता,** कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 36 बिरादरी के आशीर्वाद से भाजपा की केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनी है। हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विकास को रफ्तार देंगे।

रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा की मौजूदगी में गांव मोई में 2 करोड़ 59 लाख 68 हजार 989 रुपए की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय के नए भवन निर्माण का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी किसान, महिला, खेतिहर, युवा, बुजुर्गों के साथ-साथ हर समुदाय की भलाई के लिए काम कर रहे हैं और हमें निरन्तर उनकी भावना को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकरियों को निर्देश दिए कि वो जनहित से जुड़ी समस्याओं पर स्वत संज्ञान लेकर उनके समाधान के लिए काम करें। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए मांग पत्र को स्वीकार करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मौके पर ही अधिकारियों को सभी मांगों की फिजिबलिटी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। यही नहीं उन्होंने गांव में पीने के पानी, मोई से खानपुर सडक, बिजली फीडर, खेतों में पानी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**मां की सेवा समान होती है गौ माता की सेवा**

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गांव पिनाना में घेवर मित्र मंडली फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर राकेश ठेकेदार, अमित ढीला व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा सेवा भाव कभी कम नहीं होना चाहिए।

# 11.80 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मंगलौरा** पुलिस चौकी की टीम द्वारा यूपी बार्डर के पास नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों रविकुमार पुत्र अजमेर सिंह वासी गांव फूसगढ़ और सागर पुत्र बजिंद्र वासी गांव छपरा खेड़ा, जिला करनाल को मोटर साइकिल पर 11.80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि दोनों आरोपीयों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अवैध देशी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीआइए** टू की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके आरोपी कर्ण उर्फ कप्तान पुत्र लखविन्द्र सिंह वासी गांव समानाबाहू, करनाल को सानौर पीर के पास समानाबाहू से 315 बोर की एक अवैध देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया। सीआइए टू प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि उनकी टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना बुटाना में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगामी जांच के लिए आरोपी को आज अदालत से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत ने की 15 दिसंबर को पलवल पहुंचने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**

**नांगल चौधरी। गुर्जर** भवन में प्रेस वार्ता के दौरान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत ने कहा।15 दिसंबर को पलवल में गुर्जर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर के नेतृत्व में गुर्जर महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नांगल चौधरी से भी हजारों की संख्या में समाज के लोग शिरकत करेंगे। सम्मेलन में गुर्जर रेजीमेंट की मांग की जाएगी। हिंदू मैरिज एक्ट 1955 में संशोधन, गुर्जर प्रतिहार वंश से छेड़छाड़, गुर्जर सांसद जिनको राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया कैबिनेट मंत्री का दर्जा देना, राजस्थान गुर्जर आरक्षण को नौवीं सूची में डालना के बारे प्रधानमंत्री नाम ज्ञापन सोंपा जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से 15 दिसंबर को ज्यादा से ज्यादा पलवल पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर गुर्जर समाज के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट दुलीचंद, वीर गुर्जर विकास समिति नांगल चौधरी के प्रधान प्रो. रामनिवास चंदेला, डॉक्टर गोपीचंद, पूर्व सरपंच तुलसीराम चंदेला, रोहतास नेताजी, चंद्रभान चंदेला ,मिश्रा जिला अध्यक्ष ,प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशराज सरपंच , उपाध्यक्ष शेरसिंह कोच,सहित अनेक समाज के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।



# किसान पर जानलेवा हमला, चार पर केस

**गन्नौर । गांव लड़सौली** में एक किसान पर चार व्यक्तियों ने जानलेवा हमला कर दिया। किसान रमेश अपनी पत्नी फुलादेवी के साथ खेत से घर लौट रहे थे। जब मुर्गी फार्म के पास चार लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। इस हमले में रमेश बुरी तरह से घायल हो गया। रमेश ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में रमेश ने बताया कि गांव के नरेश उर्फ कालू, योगेश उर्फ मोलड़, सतिंद्र उर्फ भोला और गौरव ने उसकी बाइक रुकवा कर लोहे की राड और डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ होगा गीता महोत्सव का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम सिंह** ने कहा कि 9 दिसंबर को धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। सभी कार्यक्रम शहर के मंगल सेन सभागार में आयोजित होंगे, जो 11 दिसंबर तक चलेंगे। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण शिरकत करेंगे। उन्होंने करनालवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया है।

उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से 10 बजे तक हवन यज्ञ एवं आरती, सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन और सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम होगा।




**मशहूर कलाकार बिखेरेंगे संस्कृति के रंग**

सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में मशहूर कलाकार सांस्कृतिक के रंग बिखेरेंगे। पहले दिन स्कूली छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद मशहूर कलाकार ईश्वर शर्मा द्वारा धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। स्कूली छात्रों द्वारा एक अन्य प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत तनु शर्मा व अन्य कलाकारों द्वारा धार्मिक प्रस्तुति दी जाएगी।

**विभागों के स्टॉल होंगे आकर्षण का केंद्र**

सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर 20 से अधिक स्टॉल लगी हुई हैं, जिनमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अलग-अलग उत्पादों की स्टॉल लगाई गई है। इसके साथ-साथ हैफेड, बागवानी विभाग, अक्षय ऊर्जा विभाग आदि की भी स्टॉल लगी हुई है।

# रक्तदान करके दिया करप्शन फ्री इंडिया बनाने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत सरकार** द्वारा रजिस्टर्ड एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय एंटी करप्शन दिवस के अवसर पर मानव सेवा संघ में रक्तदान शिविर एवं करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। रक्तदान शिविर कपिल किशोर की देखरेख में आयोजित हुआ। रक्तदानियों को तिरंगा वस्त्र पहनाकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर रक्तदानियों का हौसला बढ़ाया गया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के स्टाफ द्वारा रक्तदान के लिए अपनी सेवाएं दी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस एक वैश्विक उत्सव है, जो दुनिया भर के समाजों और अर्थव्यवस्थाओं पर भ्रष्टाचार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह भ्रष्टाचार से लड?, पारदर्शिता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए कार्रवाई का आह्वान करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन शर्मा, डॉ.निशा गुप्ता, अजीत राही, सुरेन्द्र मोहन गाबा, हरीश वधावन, कर्म सिंह लांगयान, पवन कंसल, प्रधान शाम कपूर, रवि पाल भाटिया, अवतार सिंह तारी, प्रदीप त्यागी, सतनारायण गर्ग, देवेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र सिद्धान्ती, के पी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बच्चों, युवाओं और विद्यार्थियों को संस्कृति से जुड़ना चाहिए : हरविंद्र

## युवाओं और समाज के उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा भारत विकास परिषद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सैक्टर-8** स्थित अग्रसेन भवन में रविवार को भारत विकास परिषद, उत्तर क्षेत्र द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र 2 के 9 प्रांतों की 18 टीमों ने भाग लिया। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारे बच्चों, युवाओं और विद्यार्थियों को हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड ?ा चाहिए और जुडकर आगे बढ ?ा चाहिए। युवा इस तरह से एक जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने 2047 तक हमारे भारत को विकसित करने का जो संकल्प लिया है, जब विद्यार्थी और युवाओं में संस्कारों का विकास होगा, तभी हम अपने विकसित भारत के सपने को पूरा कर पाएंगे। भारत विकास परिषद युवाओं और समाज के उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने भारत विकास परिषद से जुड़े सभी सदस्यों व लोगों को सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए बधाई दी।



**प्रधानमंत्री करेंगे बीमा सखी योजना की शुरूआत**

स्पीकर ने कहा कि हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 9 दिसम्बर को पानीपत की ऐतिहासिक धरा से बीमा सखी योजना की शुरूआत करके देश की महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ी सौगात देंगे। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि शम्मी बंसल एमडी लिबर्टी शूज, तरुण बंसल, प्रियंका भारद्वाज, राकेश शर्मा, डॉ. अशोक चौधरी, विजय रोहिल्ला, डॉ.परमजीत पाहवा, जियालाल बंसल, धीरज भाटिया, कपिल गुप्ता, मनीष मलिक, नरेंद्र राणा आदि उपस्थित रहे।

# जांगिड़ समाज की हुई बैठक, बनाई नई कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शरबती देवी** जांगिड़ धर्मशाला में जिले के विभिन्न गांव के जांगिड़ समाज की आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता ठेकेदार बंशीधर जांगिड़ ने की। आमसभा में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष अशोक पैकन, महामंत्री सीताराम एवं जिला सभा कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए। जांगिड़ खंड सभा प्रधान महेंद्रगढ़ सांवलराम जांगिड़ ने धर्मशाला के रखरखाव के लिए नई कमेटी बनाने का सुझाव रखा।



धनपत जांगिड़ ने बताया कि यह धर्मशाला 1970 में बनकर तैयार हुई और इसका रखरखाव शरबती देवी ने जांगिड़ समाज के लोगों को दिया। लक्ष्मी नारायण जांगिड़ निवासी सराय ने बताया की बेरी निवासी सोहनलाल की याद में उनकी धर्मपत्नी ने यह धर्मशाला बनवाई। वर्तमान में इसकी देखरेख न होने के कारण यह खंडहर बन गई है अतः सभी सदस्यों ने मिलकर एक नई कमेटी बनाने का प्रस्ताव पास किया।




# शालीमार बाग में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के** शालीमार बाग इलाके के सामुदायिक भवन में भाजपा नेता यदु राव ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व विशाल भंडारे का आयोजन किया। यह शिविर मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट के नेतृत्व में लगाया गया। इस शिविर में मेदांता अस्पताल गुड़गांव के डाक्टरों ने शिविर में आये हुए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर भाजपा युवा नेता यदु राव ने बताया कि इस शिविर में लगभग 852 लोगों का चेकअप किया गया और मुफ्त में दवा और चश्मा वितरित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में आंखों की जांच, दांत की जांच, बीपी, शुगर, ईसीजी, सांस की जांच सहित कई प्रकार की जांच की गई है। भाजपा नेता यदु राव ने बताया कि इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 1800 से अधिक लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, चेतन अग्रवाल, मिस्टर बंसल, राजबहादुर यादव, रास बिहारी मंडल, जितेन्द्र सैनी, मनीष यादव, श्रीकृष्ण यादव, विरेन्द्र सिंह शेखावत, सुरभि जाजू, डॉ. ईश्वर दयाल सैनी, ज्योति सैनी, राजकुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली के गांवों में सड़क बनाओ आंदोलन हुआ तेज, पंचायत संघ ने दिया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः उत्तर-पूर्वी** जिला दिल्ली के गांवों में सड़कों की खस्ता हालत को लेकर चल रहे आंदोलन में अब दिल्ली पंचायत संघ भी शामिल हो गया है। गांव सादतपुर निवासी एडवोकेट हरीश प्रधान के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के तहत गांवों में सड़क पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने शेरपुर और खजूरी खास जैसे गांवों में पहुंचकर पंचायतों को संबोधित किया और आंदोलन को समर्थन दिया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पिछले एक दशक से गांवों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। गांवों में विकास कार्य करवाने और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार को आवंटित बजट का उपयोग युद्धस्तर पर होना चाहिए। उन्होंने शासन-प्रशासन पर गांवों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण लगातार ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याएं अनसुनी की जाती रही हैं। साथ ही गांवों के हाउस टैक्स माफ न होने, भवन उपनियम रद्द न करने और गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में शामिल न करने पर दिल्ली सरकार को आड़े हाथ लिया।



**टूटी-फूटी सड़कों के चलते अस्त-व्यस्त यातायात, परेशान लोगः** हरीश प्रधान ने बताया कि गांवों की सड़कों की खराब हालत को देखकर उन्होंने पिछले वर्ष अक्टूबर में यह आंदोलन शुरू किया था। तब से वे नंगे पैर रहकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक गांवों की सड़कों का निर्माण शुरू नहीं होता। शेरपुर गांव प्रधान हेम सिंह की अध्यक्षता में पंचायत हुई।

# दिल्ली भाजपा ने सैंकड़ों से अधिक झुग्गी-बस्तियों में किया विरोध प्रदर्शन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** द्वारा आज दिल्ली के लगभग 968 छोटी बड़ी झुग्गी बस्तियों में अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण उत्पन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर झुग्गीवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता ने मिल कर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों के द्वारा उठाये गए सवालों और उनकी समस्याओं को भाजपा के सांसद, विधायक और निगम पार्षदों ने मिलकर उठाया। झुग्गियों में एक आक्रोश अरविंद केजरीवाल सरकार के प्रति देखने को मिल रहा है और इसका सबसे बड़ा कारण है उनकी वादा खिलाफी। विष्णु मित्तल ने कैंप शालीमार बाग में हुए विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और उनके अनुसार आज दिल्ली के विभिन्न झुग्गी बस्तियों में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व की अगुवाई में स्थानीय लोगों की आवाज बनकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मोर्चा खोला।

# झुग्गी कलस्टर पालक व पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने आप के खिलाफ किया प्रदर्शन













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आजादपुर गांव में सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन, झुग्गी कलस्टर पालक, पूर्व निगम पार्षद आदर्श नगर नीलम बुद्धिराजा ने विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया। यह प्रदर्शन केजरीवाल के खिलाफ किया गया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही को लेकर व झुग्गी कलस्टर की समस्याओं को लेकर कलस्टर के कार्यकर्ता और मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कलस्टर बूथ 2,12,13,17 पर रोष प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पालक नीलम बुद्धिराजा पूर्व निगम पार्षद, आदर्श नगर विस्तारक पुष्पा, धीरपुर मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, शक्ति केंद्र प्रमुख ऋषिपाल, शिबू पहलवान, प्रीति गुप्ता, अनिल झा, कमल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उत्तर-पूर्वी जिले में हुई संघठनात्मक बैठक आयोजित, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः उत्तर-पूर्वी** जिले की संघठनात्मक बैठक में पूरे जिले के मीडिया, आईटी और सोशल मीडिया के लोग उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के आईटी हैड पुनीत अग्रवाल, हरियाणा प्रदेश के सोशल मीडिया हैड अरुण यादव, मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद व जिला महामंत्री गुलाब सिंह राठौर, जिला मीडिया हैड और सोशल मीडिया प्रभारी दीपक चौहान मौजूद रहें। इस मौके पर साइबर वर्ल्ड के मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी से संबंधित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान पुनीत अग्रवाल ने कहा आजकल हर युवा तकनीकी तौर पर मजबूत है। नई तकनीक युवाओं की पहली पसंद है, जैसे इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, रील और अलग-अलग चैनल, विकिपीडिया इनके बिना जिंदगी अधूरी लगती है। तो वहीं अरुण यादव ने बताया की यह 21वी शताब्दी है, यहाँ अब हर व्यक्ति एंड्राइड और एप्पल के स्मार्ट फोन का इस्तेमाल कर रहा है।





कोई भी राजनीतिक दल हो, बिजनेस हो या रोज की जिंदगी हो तकनीक के बिना नहीं चल रही। पूरे विश्व को जोड़कर रखने वाले ये सबसे बड़े प्लेटफार्म बन चुके है। बड़े-बड़े इन्फेलुसर अपनी बात से समाज में प्रभाव रखते है और परिवर्तन भी लाते है। मंच का संचालन करते हुए दीपक चौहान ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया को व्यापक तरीके से विस्तारित किया गया है। देश और दुनिया की मांग आज यही कहती है कि साइबर वर्ल्ड में बढ़ती हुई युवाओं कि चाह और लोकप्रियता यह बताती है कि अब कुछ असंभव नहीं तकनीक और सेटेलाइट ने दुनिया को मुट्ठी में कर लिया है।

आज युवाओं का स्क्रीन टाइम अधिक होता जा रहा है और ऑनलाइन ने दुनिया का व्यापार शिक्षा और राजनीतिक को पुरी तरह बदल दिया है। अब मीडिया सोशल मीडिया और आईटी के बिना विश्व मे कुछ भी संभव नही है। यह अब हर व्यक्ति कि जरूरत बन चुकी है।

आईटी प्रमुख सौरभ चातक ने घोषणा करते हुए आईटी की टीम का विस्तार किया और सभी का धन्यवाद किया।

बैठक में अतुल चौधरी, अमर राय, राजेश पाल सहित भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## 10 को होगा 'वोट की चोट' भागीदारी सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय भागीदारी** मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में 10 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के तालकटोरा स्टेड़ियम में भागीदारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय भागीदारी मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक डीसी कपिल ने जानकारी दी है कि महासम्मेलन में दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षो के शासनकाल में बहुजनों की आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी की हकमारी के विरोध में आवाज बुलंद की जाएगी।

## 'आप और भाजपा ने किया जनता को गुमराह'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी हमेशा चुनावों से पहले मुख्य मुद्दों से दिल्लीवालों को गुमराह करने का काम करती है और अब 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली की ज्वलंत जमीन से जुड़ी समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने का कार्य फिर भाजपा और आम आदमी पार्टी कर रही है।

# विधायक अखिलेश त्रिपाठी के खिलाफ मॉडल टाउन क्षेत्र में भाजपाइयों ने किया विशाल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ भाजपाइयों ने जमकर नारेबाज़ी कर विरोध-प्रदर्शन किया। क्षेत्र स्थित लाल बाग, मौजी वाला बाग, साढ़े बारह गज़ के सी ब्लॉक स्थित बूथ नंबर 30,31,32, 33,34,35 में भाजपा कार्यकर्ताओं व आम जनों ने टूटी सड़कें, सीवर जाम, गंदा पानी सहित कई समस्याओं को लेकर लोग सड़कों पर उतरें और विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ मोर्चा खोला। प्रदर्शन में भाजपा के कई बड़े







पदाधिकारियों सहित सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन राज खुराना, बूथ नंबर 33, 34, 35 के बूथ पालक हरीश असडी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व पार्षद सीमा गुप्ता, पूर्व पार्षद कुमारी कुसुम, मंडल अध्यक्ष वीरपाल, हरी शंकर बाबू, शंकर सारोज, सुनील पारचा पिन्नी, राज कुमार कुशवाह, देवेंद्र कुमार, जिला मंत्री रश्मिी बजाज, लाल बाग विस्तारक नंदनी रावत, गायत्री मेडिकल वाले, महामंत्री संतोष उपाध्याय मौजूद रहे। इस मौके पर राज खुराना ने कहा कि विधायक अखिलेश त्रिपाठी की कामचोरी की वजह से मॉडल टाउन के लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दस वर्षों से विधायक ने क्षेत्र में एक भी काम नहीं किया है जिससे कि क्षेत्र की जनता को कुछ हद तक राहत भी मिल सकें। इस विधानसभा चुनाव में विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को अपनी जमानत भी बचाना दुभर हो जाएगा। क्योंकि क्षेत्र के लोग विधायक से काफी तंग आ चुके है। तो वहीं बूथ पालक हरीश असड़ी ने कहा कि निकम्में और धुर्त विधायक के खिलाफ मॉडल टाउन की जनता अब सड़कों पर उतर कर उनका विरोध कर रहीं है, क्योंकि पिछले दस सालों से विधायक ने क्षेत्र के लोगों को बेवकूफ बनाने के अलावा कुछ काम नहीं किया है और अब क्षेत्र के लोग विधायक की चाल को समझ चुके है और अब न तो विधायक त्रिपाठी के झांसे में आने वाले है और न ही दिल्ली की जनता केजरीवाल की किसी भी के तरह के मुफ्त के प्रलोभन में नहीं फंसने वाले है।

## न्यूज फ्लैश

### कर्मपुर में पड़ोसियों ने किया मां व बेटे पर ईंट से हमला

ऊना (राजन पुरी) /टीम एक्शन इंडिया
पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत कर्मपुर गांव में घर के आंगन में बैठे एक मां बेटे पर पड़ोसियों ने ईंट व पत्थर से हमला कर दिया। हमले में दोनों को चोटें आई हैं, जिनका स्थानीय अस्पताल में मेडिकल व उपचार करवाया गया। हरोली पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर पड़ोसी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में बीना कुमारी निवासी कर्मपुर ने बताया कि शनिवार शाम को अपने बेटे के साथ घर के आंगन में बैठे थे। इसी दौरान पड़ोसी मनोज उर्फ रॉकी अपने घर की छत से गालियां निकालने लगा। गालियां निकालने की वजह पूछने पर मनोज ने आंगन में आकर ईंट व पत्थर उठाकर हमला कर दिया। हमले में मां और बेटे को काफी चोटें आई हैं, जिनका हरोली अस्पताल में उपचार करवाया गया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मैहतपुर क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली

ऊना (राजन पुरी)/टीम एक्शन इंडिया
33 केवी ऊना मैहतपुर फीडर के रखरखाव व जरूरी मरम्मत के लिए 9 दिसंबर को विद्युत उपमंडल मैहतपुर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई कुशल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जरूरी मरम्मत कार्य के चलते 33केवी विद्युत उपमंडल मैहतपुर के अंतर्गत आने वाले गांवों मैहतपुर बाजार, इंडस्ट्रियल एरिया, बसदेहड़ा, रायपुर, चरतगढ़, उदयपुर, सासन, लमलेहड़ा, भटोली, हंडोला, जखेड़ा, सनाल, बनगढ़, विभौर साहिब स्कीम, देहलां, बहडाला, बढ़ैहर, चताड़ा, भडौलियां व बारसड़ा में दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई कुशल कुमार ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### भंजाल में केंद्रीय विद्यालय खोलने पर ग्रामीणों ने बांटे लड्डू

ऊना (राजन पुरी)/टीम एक्शन इंडिया
मोदी सरकार द्वारा गगरेट क्षेत्र के भंजाल में केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर गगरेट क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र की जनता ने मोदी सरकार के इस सौगात को जिला ऊना के विकास में एक नया मील पत्थर करार दिया है। रविवार को पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर भंजाल गांव के लोगों से मिलने पहुंचे। केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति पर भंजाल गांववासियों ने पूर्व विधायक राजेश ठाकुर का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी का जश्न मनाया। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर गगरेट क्षेत्र के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति के चलते क्षेत्र में विकासकार्य ठप्प पड़े हैं। जबकि मोदी सरकार ने इस क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ा है। और अब क्षेत्र को केंद्रीय विद्यालय जैसी सौगात देकर जनता की एक बड़ी मांग को पूरा किया है। जिसके लिए मोदी सरकार व सांसद अनुराग ठाकुर बधाई के पात्र हैं।

### बहडाला व रायपुर सहोड़ा में 35 ग्राम चिट्टे संग तीन युवक गिरफ्तार

ऊना (राजन पुरी) /टीम एक्शन इंडिया
जिला ऊना के बहडाला व रायपुर सहोड़ा में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन युवकों से करीब 35 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। बहडाला में 4.14 ग्राम चिट्टे संग पकड़े गए दो युवकों की पहचान संजय कुमार निवासी बढैहर व किशन निवासी नंगल, रूपनगर पंजाब के रूप में हुई है। वहीं रायपुर सहोड़ा में 31.24 ग्राम चिट्टे संग काबू हुए युवक की पहचान अभिषेक सिंह निवासी होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस ने शनिवार रात्रि बहडाला में गुप्त सूचना के आधार पर दो व्यक्तियों की तलाशी ली, जिसके पास से 4.14 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान संजय कुमार व किशन के रूप में हुई है। वहीं दूसरा मामला मैहतपुर थाना के रायपुर सहोड़ा रेलवे फाटक के समीप का है, यहां पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली, जिसके पास से 31.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान अभिषेक सिंह निवासी होशियारपुर के रूप में हुई। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने चिट्टा आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# महाकुम्भ: अस्पतालों के आईसीयू में पहली बार होगा एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम का उपयोग

**हाईटेक इंतजाम**

**महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार बेहद हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं**



प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार बेहद हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप स्वस्थ और डिजिटल महाकुम्भ के सपने को साकार करने के लिए इस बार कई क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में बन रहे अस्पतालों के आईसीयू में भी पहली बार हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम देश या विदेश के किसी भी कोने से आने वाले रोगी की बात समझकर डॉक्टर को समझा सकता है। यही नहीं, इसके अलावा आईसीयू में भर्ती किसी मरीज की हालत खराब होने की स्थिति में यह तत्काल डॉक्टर्स को अलर्ट भेजकर चिकित्सा इंतजाम सुनिश्चित करने की सुविधा प्रदान करेगा। महाकुम्भ में इस तरह की टेक्नोलॉजी का पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सीएम योगी के डिजिटल और स्वस्थ महाकुम्भ के विजन के अनुरूप है।
डॉक्टर व मरीज के बीच मीडिएटर का निभाएगा रोलमहाकुम्भ में श्रद्धालुओं से लेकर साधु-संतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 100 बेड के केंद्रीय अस्पताल के साथ ही झूंसी और अरैल समेत पूरे मेला क्षेत्र में 10 और अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी की मंशानुरूप महाकुम्भ के माध्यम से उत्तर प्रदेश की छवि को विश्व पटल पर आदर्श तरीके से प्रस्तुत करने के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी तमाम नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पहली बार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए एआई का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल के आईसीयू में इसका उपयोग महत्वपूर्ण होगा, जो मरीजों और डॉक्टरों के बीच मीडिएटर की तरह काम करेगा। 40 से ज्यादा भाषाओं का कर सकेगा अनुवाद नोडल चिकित्सा स्थापना, महाकुम्भ मेला डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भ नगर में सेंट्रल हॉस्पिटल के 10 बेड वाले आईसीयू में श्रद्धालुओं को यह सुविधा मिलेगी।

# इंस्टाग्राम पर फंदे की रील बनाकर डाली और कर ली आत्महत्या

झांसी/टीम एक्शन इंडिया
मोंठ थाना क्षेत्र में एक युवक ने मरने से पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर फंदे की रील बनाकर अपलोड की। फिर उसी फंदे पर लटककर उसने जान दे दी। रील बनाने में "दुनिया ये जीत गई दिल हार गया... सॉन्ग भी लगाया। जैसे ही वीडियो में उसे रोता देखा, घरवाले मौके पर पहुंचे। बेटे को लटकता देख पिता बेहोश होकर गिर पड़ा। घरवालों ने युवक को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अजय का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की ने उसे धोखा दे दिया, इससे क्षुब्ध होकर उसने जान दे दी।
मोंठ के नंदपुरा निवासी अजय पाल (22) घर का इकलौता बेटा था। उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी थी। चचेरे भाई जयपाल ने बताया कि शनिवार दोपहर अजय ने खाना खाया और उससे बोला कि बाजार जा रहा है। इसके बाद घर से चला गया। वह भी खेत पर पानी लगाने चला गया। बाजार न जाकर अजय घर के पीछे खेत में गया। वहां पर रील बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
चचेरे भाई ने बताया कि अजय ने जैसे ही इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किया। आसपास के लोगों ने देख लिया। हम लोगों को सूचना दी। तब हम मौके पर पहुंचे। देखा तो अजय पेड़ पर रस्सी से फंदा बनाकर लटका था। उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 58 अभियुक्त गिरफ्तार



फिरोजाबाद/टीम एक्शन इंडिया
जनपद पुलिस ने शनिवार की रात पांच घंटे अभियान चलाकर 58 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित हैं जो फरार चल रहे थे।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर पुलिस द्वारा वारंटियों एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात 12.00 बजे से रविवार की सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने कुल 58 एनबीडब्ल्यू वारंटी वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना उत्तर ने 5, थाना दक्षिण ने 6, थाना रामगढ़ ने 3, थाना रसूलपुर ने 4, थाना बसई मोहम्मदपुर ने 2, थाना लाइनपार ने 2, थाना पचोखरा ने 1, थाना रजावली ने 1, थाना नगला सिंघी ने 1, थाना टूंडला ने 1, थाना सिरसागंज ने 13, थाना नगला खंगर ने 1, थाना अरॉव ने 1, थाना नसीरपुर ने 2, थाना शिकोहाबाद ने 2, थाना खैरगढ़ ने 3, थाना मक्खनपुर ने 1, थाना जसराना ने 3, थाना एका ने 3, थाना फरिहा ने 3 अभियुक्त को पकड़ा है।
इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्ल्यू वारंटियों अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 58 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार

लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया
बेसिक एनिमल हसबेंडरी स्टैटिक्स 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध का कुल उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। इसमें उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक, करीब 16 फीसद का है। इसके बाद क्रम से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब का नंबर आता है। इस तरह दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार है।
इसकी एक बड़ी वजह इस सेक्टर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और अपने पहले कार्यकाल से ही पशुपालकों के हित में उठाए गए कदम हैं। सरकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको नंद बाबा और गोकुल पुरस्कार से सम्मानित करती है।

# लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हादसा, बिहार के तीन पुलिसकर्मियों सहित सात घायल



फिरोजाबाद/टीम एक्शन इंडिया नोएडा से बिहार जा रही एक कार में मटसेना थाना क्षेत्र अन्तर्गत लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बिहार के तीन पुलिस कर्मियों सहित सात लोग घायल हो गए। बिहार पुलिस के जवान एक युवती को नोएडा से बरामद कर वापस बिहार जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।
बिहार के दरभंगा के थाना लहरिया सराय की पुलिस टीम के एसआई दीपक कुमार, प्रिया एवं आईटी सेल के मुकेश कुमार एक युवती को बरामद करने कार से गाजियाबाद गए थे। कार को नंदन कुमार निवासी गांव हरिपुर, दरभंगा बिहार चला रहा था। कार में पुलिस टीम एवं चालक के अलावा सोनू यादव, मामा नंदन मौजूद थे। यह सभी लोग गाजियाबाद से युवती को बरामद करने के बाद कार द्वारा वापस बिहार जा रहे थे। शनिवार देर रात जैसे ही कार थाना मटसेना क्षेत्र के लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गुजरी तो तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार तीन पुलिसकर्मियों समेत सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंची मटसेना पुलिस एवं यूपीडा की टीम ने घायलों को तत्काल ही उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# मीरजापुर: 1500 स्थानों पर सीमा स्तम्भ स्थापित करने का कार्य हुआ शुरू

**अपील**

**इस अभियान को लेकर प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है**




मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया
शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के मार्गदर्शन में मीरजापुर जिले के सदर तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम कंहारी (विकास खंड पहाड़ी) में सीमा स्तम्भ स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण कार्य जिले में 1500 स्थानों पर सीमा स्तम्भ लगाने के अभियान का हिस्सा है, जो भूमि विवादों को हल करने और भूमि की स्पष्ट पहचान बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।
सदर तहसील के कंहारी गांव में स्थापित किए जा रहे इन सीमा स्तम्भों के प्रक्रिया की शुरूआत के अवसर पर एसडीएम सदर, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी और अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान को लेकर प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके और इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान किया जा सके।
जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने इस पहल पर जोर देते हुए कहा कि यह कदम सरकार की भूमि सुधार योजना का हिस्सा है। इस कदम से न केवल भूमि विवादों में कमी आएगी, बल्कि किसानों और भूमि मालिकों को उनकी भूमि की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी भी मिलेगी। यह कार्य सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करने में सहायक होगा।

**कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी**

इस कार्य की शुरूआत के दौरान सदर एसडीएम और खंड विकास अधिकारी पहाड़ी ने कार्य के प्रगति की समीक्षा की और सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह काम निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।
प्रशासन ने इस कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों और सहयोग की व्यवस्था की है। इसके साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीणों को भी यह समझाया कि सीमा स्तम्भों की स्थापना से उन्हें अपनी भूमि की सीमा और स्वामित्व के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे वह अपने अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे।

### बुजुर्ग माता-पिता के भरण पोषण के लिए बेटे को देने होंगे हर महीने 4000 रुपए

टीम एक्शन इंडिया
ऊना (राजन पुरी)
बंगाणा उपमंडल के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ट्रिब्यूनल ने एक ऐतिहासिक निर्णय में भरण-पोषण अधिनियम 2001 के तहत बुजुर्ग माता-पिता को भरण-पोषण प्रदान करने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में आदेश दिया कि बेटे को अपने माता-पिता को हर महीने 4000 रुपये का भरण-पोषण प्रदान करना होगा। एसडीएम सोनू गोयल ने बताया कि यह आदेश उन बुजुर्ग माता-पिता की याचिका पर दिया गया, जो आर्थिक रूप से अपने बेटे पर निर्भर थे और अपने दैनिक खर्च उठाने में असमर्थ थे। यह फैसला न केवल वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रितों का भरण-पोषण अधिनियम, 2001 के प्रमुख प्रावधान में वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार दिया गया है। माता-पिता, दादा-दादी और अन्य आश्रित अपने बच्चों या कानूनी उत्तरदायियों से भरण-पोषण पाने का अधिकार रखते हैं। भरण-पोषण में भोजन, कपड़ा, चिकित्सा और रहने की आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं, जो सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक हैं। यदि कोई व्यक्ति भरण-पोषण देने से इनकार करता है, तो अधिनियम के तहत उसे दंडित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। यह निर्णय भविष्य में अन्य मामलों में मिसाल के तौर पर कार्य करेगा और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानपूर्ण जीवन को सुनिश्चित करेगा।

### मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी शनिवार की रात पुलिस को मिली। एक घंटे के सर्च ऑपरेशन में पुलिस के हाथ कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं लगी। अब पुलिस उस व्यक्ति की तलाश में है, जिसने स्टेशन को बम को उड़ाने की धमकी दी है।
हजरतगंज के एसीपी विकास जायसवाल ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर एक व्यक्ति ने फोन कर हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह, एसीपी हजरतगंज, हुसैनगंज पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की टीम ने सघन चेकिंग शुरू की। स्टेशन पर कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

# कर्ज से परेशान बुजुर्ग दम्पति ने सल्फास खाकर दी जान



हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया
जिले में बैंक और साहूकारों के कर्ज से परेशान एक दम्पति ने अपने घर में सल्फास खा ली, जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कर्ज में जमीन भी गिरवी रखी होने से आए दिन घर में कलह भी चल रही थी।
सूचना पाकर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आज रविवार को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की है।
जिले के मुस्करा थाना क्षेत्र के चिलहेटा डेरा गांव निवासी जागेश्वर (60) दो बेटों का पिता था। वे बीस बीघे जमीन का काश्तकार था। जागेश्वर अपनी पत्नी रामकली (58) के साथ अपने दोनों बेटे रमेश पाल और कल्याण पाल से अलग घर में रहता था। ये दोनों खुद ही घर का काम करते थे। बीते रोज शाम जागेश्वर और उसकी पत्नी रामकली ने अपने ही घर में सल्फास पानी में घोलकर पी लिया। हालत बिगड़ते ही उसकी नातिन काजल चिल्ला पड़ी। उसने अपने पिता कल्याण को बताया कि बाबा और दादी जमीन पर पड़े तड़प रहे है। परिवार के लोग आनन-फानन मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज कराने मुस्करा कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन दोनों को जिला अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में जागेश्वर और उसकी पत्नी रामकली की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# सपा विधायक को सरकारी आवास खाली कराने के लिए दिया गया समय समाप्त


नगर निगम की ओर से भेजे गए नोटिस में बताया गया था कि नियमों के तहत आवासीय और व्यावसायिक भवनों का आवंटन 15 साल से ज्यादा नहीं किया जा सकता। ऐसे में नौगावां सादात से सपा विधायक समरपाल सिंह, पूर्व मंत्री रामेश्वर दयाल शर्मा, स्व. इंद्र मोहिनी समेत 15 लोगों के

मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया
अमरोहा की नौगांवा सादात विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक मुरादाबाद निवासी समरपाल सिंह, पूर्व मंत्री रामेश्वर दयाल शर्मा समेत 15 लोगों के सरकारी आवास को खाली कराने के लिए दिया गया समय समाप्त हो गया है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने रविवार को बताया कि आवासों के आवंटन में शासनादेश का उल्लंघन हुआ था। जांच के बाद आवंटन को निरस्त किया गया। सभी को नोटिस देकर आवास खाली करने के लिए कहा गया था। समय सीमा खत्म हो चुकी है। जो भी आवास खाली नहीं हुए हैं, उसे नगर निगम का प्रवर्तन दल खाली कराएगा।
आवासों का आवंटन नगर निगम ने नियमों के विरुद्ध है। सपा विधायक समरपाल सिंह को कंपनी बाग स्थित भवन संख्या-एक 16 अगस्त 1994 को किराए पर आवंटित किया गया था। शासनादेश के अनुसार आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का आवंटन किसी की दशा में 15 साल से अधिक नहीं किया जा सकता। इसलिए सपा विधायक को सितंबर में ही 15 दिनों के भीतर सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था।
इसी तरह कंपनी बाग के पास नगर निगम के आवासीय भवन संख्या-दो को पूर्व मंत्री एवं एमएलसी इंद्र मोहिनी को 15 जून 1979 को आवंटित किया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी ने उन्हें यह आवास आवंटित किया था। इंद्र मोहिनी के निधन के बाद मौजूदा समय में इस आवास में विजय लक्ष्मी सक्सेना का परिवार रह रहा था। उन्हें भी नोटिस देकर आवास खाली करने के लिए कहा गया था। इसके अलावा पूर्व मंत्री रामेश्वर दयाल शर्मा के नाम पर कटघर चुंगी के पास 50 रुपये प्रतिमाह के किराए पर आवास आवंटित किया गया था। 27 सितंबर 1974 को आवंटित इस आवास का किराया हर पांच साल पर 12.5 प्रतिशत बढ़ना था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए इस आवास के आवंटन को भी नियमों के विपरीत पाया गया था।
इन सभी के सरकारी आवासों के आवंटन को नगर निगम ने नियम के विरुद्ध माना था और सितंबर में ही सभी को 15 दिनों की मोहलत देकर आवास को खाली करने का नोटिस थमाया था। नोटिस मिलने के बाद कुछ आवास तो खाली कर दिए गए, लेकिन अभी भी कई आवासों पर कब्जा बरकरार है। अब नगर निगम का प्रवर्तन दल इन मकानों को सख्ती के साथ खाली कराएगा। सभी आवासों पर कब्जा लेने की तैयारी पूरी हो गई है। नगर निगम की जांच में राम किशन, एलडी चतुर्वेदी, सोमवीर सिंह, एलादी चतुर्वेदी, नारायण उपाध्याय, राजेश्वरी मौर्या, मोहनलाल और दीपक मेहरा के नाम पर आवंटित आवासों को भी नियमों के विरुद्ध पाया गया था।

# प्रयागराज: मजदूर की सिर कूचकर हत्या

**हत्या**

**नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलाक बलऊ गांव में रविवार की सुबह एक नाली में मजदूर का शव पाया गया है।**




प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया
नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलाक बलऊ गांव में रविवार की सुबह एक नाली में मजदूर का शव पाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है।
पुलिस का कहना है कि उसके सिर में चोट के निशान मिले है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि नवाबगंज के मलाक बलऊ गांव में मजदूर राकेश कुमार उर्फ लहुरी 50 वर्ष पुत्र राम कुबेर का शव रविवार की सुबह गांव में स्थित श्याम फ्लोर मिल के पीछे नाली में पाया गया। सूचना मिलते ही नवाबगंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।
उसके सिर में चोट के निशान भी मिले हैं। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची है।
पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। परिवार के लोगों से अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उसकी मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलते ही इस सम्बंध में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।




# विरासत से विकास के संकल्प को दोहराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ स्थित श्री ओमकारेश्वर मंदिर में चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरूआत करने के साथ मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और पौराणिक महत्व के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प को दोहराया और निर्माण कार्यों में पौराणिकता का समावेश करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और कोठा भवन के जीर्णोद्धार के लिए तीन चरणों में कार्य योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण में लगभग पांच करोड़ की लागत से

**विकास कार्य**

**सौंदर्यीकरण और पौराणिक महत्व के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों का भी निरीक्षण किया**

कार्य चल रहा है, जो न्यू इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा कराया जा रहा है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों की शुरूआत तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों के अनुरोध पर पिछले वर्ष की गई थी। साथ ही उषा-अनिरुद्ध विवाह मंडप के जीर्णोद्धार के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है, ताकि मंदिर को एक प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सके, जैसा प्रधानमंत्री मोदी का विजन है। मुख्यमंत्री धामी ने इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# सद्विचार से ही राष्ट्र का जागरण संभव: चंपत राय



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि हमें अपने समाज को अखंड बनाए रखने के लिए सदैव अपनी परंपराओं, जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी पहचान हैं। इन्हीं के माध्यम से हम समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं, तभी समाज और राष्ट्र का जागरण संभव है। वे देवसंस्कृति विश्व विद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक हजार से अधिक गायत्री परिवार के कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्त्ता शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जो समाज से कट गया, उसका पतन होते चला जाता है। इससे पूर्व देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति के साथ मिलकर कार्य करना सबसे बड़ा सौभाग्य है, क्योंकि हम भगवान की दिव्य प्रेरणा से उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना श्रम, समय लगा रहे हैं। यह समय वास्तव में अकल्पनीय सौभाग्य लेकर आया है। , क्योंकि आज हम सब मिलकर युगऋषि आचार्यश्री द्वारा प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के प्रकाश से जन-जन को आलोकित करने जा रहे हैं। ज्योति अब ज्वाला बन सम्पूर्ण राष्ट्र को प्रकाशित करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार का नारा हम बदलेंगे, युग बदलेगा और अब चरितार्थ होते दिखाई दे रहा है।

